रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
कार्तिक शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 12 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 277, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

फ़ैसला आपका है

घुसपैठियों को बसाना है
या
आदिवासियों को बचाना है

भरपूर भ्रष्टाचार
या
ईमानदार सरकार

आपस में बंटना है
या
एकजुट रहना है

रोटी बेटी माटी की पुकार
झारखंड में भाजपा सरकार

कमल का बटन दबाएं
भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

### प्रधानमंत्री ने किया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद कार्यक्रम

# भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने झामुमो कांग्रेस और राजद की नींद उड़ा दी : मोदी

*कहा, 23 को झारखंड का नया विहान, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा*




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत सोमवार को बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि चुनाव कोई भी हो, कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत ने झामुमो, कांग्रेस और राजद की नींद उड़ा दी है। पीएम मोदी ने कहा, हमारा उद्देश्य कुशासन से झारखंड को मुक्त करना है, इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत बड़ी है। जब भी झारखंड आया, आपसे और महिला कार्यकर्ताओं से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि उत्साह के साथ महिला कार्यकर्ता लोगों से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा, झारखंड की संपदा को लूटा जा रहा है। पीएम ने कहा, झारखंड में असीम संभावनाएं हैं, हिंदुस्तान के कई प्रदेश के लोग रोजी-रोटी के लिए प्रदेश आते हैं।

पीएम ने कहा, हमारा नारा है 'सबका साथ- सबका विकास' और इसी नारे के साथ भाजपा झारखंड का भी विकास करेगी। झारखंड को अन्य राज्यों के विकास की श्रेणी में लाना है, इसलिए डबल इंजन की सरकार को लाना जरूरी है। झारखंड इस बार बदलाव करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार ने रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। गठबंधन के वादे अधूरे रहे हैं, कांग्रेस जिस जिस राज्य में सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जो वादे किए हैं, झारखंड में सरकार बनने के बाद उसे पूरा करने में जान से जुट जाएगी। मतदान करने समय उत्साह के साथ जाएं, उत्सव है, मतदान भी बढ़ता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 'पहले मतदान फिर जलपान।' प्रदेश कार्यालय में संवाद कार्यक्रम को सुनते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं में पीएम के संवाद से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कहा कि कार्यकर्ता झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं। 23 नवंबर को झारखंड का नया विहान होगा। सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।

इस अवसर पर चुनाव प्रबंध समिति के प्रदेश संयोजक पूर्व सांसद सुनील सिंह एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

## संजय सेठ ने निर्वाचन आयोग, मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखा पत्र

### प्रधानमंत्री के रोड शो में भेदभाव का अरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पीएम के रोड शो में रांची पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा असहयोग रवैया अपनाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इसकी कड़ी निंदा की है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार रांची प्रशासन द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को बाधित करने का प्रयास किया गया, उससे लगता है कि सरकार के इशारे पर पूरा पुलिस तंत्र कल काम कर रहा था। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निर्वाचन आयोग, मुख्य सचिव एवं डीजीपी को पत्र लिखकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, निर्वाचन आयोग से ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उन्हें अविलंब हटाने को कहा है। संजय सेठ ने कहा, प्रशासन द्वारा कल रांची के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को कई जगहों पर रोक दिया गया। तिलता चौक, कटहल मोड़ चौक, दलादली चौक के आसपास लगभग 30 हजार लोगों को रोके रखा गया। ओटीसी मैदान से रातू रोड चौक तक जो मोहल्ले हैं, उनकी गली में तीन-तीन जगह पर बैरिकेडिंग कर लोगों को आने से रोका गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्ष के लोगो का बस चलता, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड में घुसने नहीं देते।

## डीईओ रांची ने आरपी एक्ट के प्रावधानों के संबंध में जारी की आम सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ), रांची ने सोमवार को विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची जिले के अंतर्गत आने वाले 58-तमाड़, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर विस क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए आम सूचना जारी की है। इसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट) 1951 की धारा 126 में उल्लेखित प्रावधान के संबंध में सूचित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटे की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं बुलाया जाएगा, न आयोजित किया जाएगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। साथ ही, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के उपबंधों का उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना अथवा दोनों दंडनीय होगा। कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, कार्यकर्ता इस अवसर पर बाहर से चुनाव प्रचार के लिए आए हैं और वे तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विस क्षेत्र अंतर्गत के मतदाता या अभ्यर्थी नहीं हैं, तो उन्हें 11 नवंबर 2024 के अपराह्न 05:00 बजे के बाद निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जाने की सूचना भी जारी की गई है।

# मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से हुई निषेधाज्ञा लागू

*रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सदर एसडीएम ने जारी किया आदेश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2024 में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण के चुनाव में 13 नवंबर 2024 को रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) में मतदान कराया जाना है। मतदान प्रातः 07.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक होगा।

जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची ने कहा है कि मतदान के क्रम में अभ्यर्थियों और उनके सहयोगियों तथा असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा की जा सकती है। इससे ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष एवं प्रतिद्वंदिता के कारण विधि-व्यवस्था एवं जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, इस अवसर का लाभ अवांछनीय तत्वों द्वारा उठाया जा सकता है, जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

इसपर अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम), सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों - रांची, हटिया, कांके एवं मांडर में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। यह निषेधाज्ञा पूरे सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) में 11 नवंबर 2024 की संध्या 05.00 बजे से 13 नवंबर 2024 की रात्रि 10.00 बजे तक लागू रहेगा।




### निषेधाज्ञा निम्नलिखित बिंदुओं पर लागू रहेगी

- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को उक्त क्षेत्र के मतदान केंद्र भवनों के 200 मीटर की परिधि में जमा होना या चलना (मतदान केंद्र परिसर एवं सरकारी, मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सीएपीएफ कर्मचारियों को छोड़कर) निषिद्ध रहेगा।
- सभी प्रकार के चुनाव संबंधी राजनीतिक सभा, जुलूस, रैली आदि एवं प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। पांच व्यक्ति तक के दल में घर-घर जाकर चुनावी प्रचार-प्रसार पर रोक नहीं है।
- मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से मतदान कार्य की शांतिपूर्ण समाप्ति तक किसी भी प्रकार के शराब की बिक्री या सेवन पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित करते हुए ड्राय डे घोषित किया गया है।
- जारी निषेधाज्ञा अवधि में मतदान के 48 घंटा पूर्व से ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- मतदान के 48 घंटा पूर्व से मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा, बैनर, पोस्टर, पंपलेट इत्यादि लगा नहीं रहेगा।
- सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके (अजा) एवं 66-मांडर (अजजा) के वैसे पार्टी वर्कस, कार्यकर्ता या प्रचार-प्रसार करने वाले व्यक्ति, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तथा बाहर से आए हैं, निषेधाज्ञा जारी होते ही सदर अनुमंडल अंतर्गत चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, यथा रांची, हटिया, कांके एवं मांडर छोड़ देंगे।
- मतदान केंद्र में कोई भी मीडियाकर्मी प्रवेश कर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी नहीं करें, ताकि मतदान की गोपनीयता भंग नहीं हो।
- बिना अनुमति के किसी प्रकार की सार्वजनिक बैठक, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि का व्यवहार करने पर प्रतिबंध रहेगा (मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, गुरुद्वारा आदि को छोड़कर)।
- किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गंड़ासा, भाला आदि लेकर रोड पर निकलना या चलना बंद रहेगा (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों व कर्मचारियों को छोड़कर)।
- किसी प्रकार अग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ आदि लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित है (आरक्षी बल एवं प्राधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर)।
- जारी निषेधाज्ञा की अवधि में मीडियाकर्मी किसी भी प्रकार का एक्जिट पोल एवं रिजल्ट प्रकाशित नहीं करा सकते हैं।
- जारी निषेधाज्ञा के अवधि में प्रत्याशी, समर्थक, राजनीतिक दल का प्रेस कांफ्रेंस और इंटरव्यू प्रतिबंधित रहेगा।

## महाठगबंधन सरकार ने पिछले पांच वर्षों में 60 भ्रष्टाचार के काम किए : गौरव वल्लभ



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता प्रो गौरव वल्लभ ने कहा कि जमकर मलाई मारो यानी जेएमएम के नेतृत्व में चल रही महाठगबंधन सरकार ने पिछले पांच साल में लगभग 60 भ्रष्टाचार के काम किए। वल्लभ सोमवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का संकट इतना गंभीर हो गया है कि सरकारी छापों का सिलसिला समाप्त ही नहीं हो रहा है। नौ नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के यहां छापा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इनकम टैक्स ने श्रीवास्तव के 17 ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान 150 करोड़ की बेनामी संपत्ति और दस्तावेज जब्त किए गए।

### समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल

## कांग्रेस ने अपना चरित्र खो दिया है : डॉ रवींद्र राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने उनका भाजपा में स्वागत किया। मौके पर डॉ रवींद्र राय ने कहा कि आजादी के समय पूरे देश में एक ही दल कांग्रेस होता था। उसके बैनर तले हर देशप्रेमी देश और आजादी के लिए काम करता था। धीरे-धीरे कांग्रेस ने अपना चरित्र खो दिया। देशभक्ति के साथ राजनीति करने का चरित्र खो दिया। देशभक्ति के साथ देश सेवा करने के मिशन को खो दिया। महात्मा गांधी, सरदार पटेल जैसे महापुरुषों के आदर्श को खो दिया। कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे अलगाववादी पार्टी की पिछलग्गू बन गई है। देशद्रोही राजनीति का इतिहास रखने वाले कम्युनिस्ट की अनुयायी बन गई। जहर बोने वाले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों की सहकर्मी बन गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भाव को दबाकर कांग्रेस में बने रहने वाले लोग अब भाजपा में आ रहे हैं। भाजपा एकमात्र ऐसा दल है, जो चुनाव के लिए नहीं, देश के लिए राजनीति करती है।



### 'झामुमो-कांग्रेस सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं'

आदित्य विक्रम जायसवाल ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय और भाजपा की नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूं। मेरी पांच पीढ़ी कांग्रेस में रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड और देश हित के लिए भाजपा में आए हैं। हमलोग हमेशा राष्ट्रवाद के पुजारी रहे हैं। कांग्रेस और झामुमो की सरकार स्वार्थ के साथ काम कर रही है। यहां युवाओं के साथ खिलवाड़ हुआ। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया, उसे पूरा नहीं किया। अगर झारखंड को बचाना है, तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी आवश्यक है। प्रोफेशनल कांग्रेस के सभी पदधारी सहित 1000 से ज्यादा सदस्य भाजपा में शामिल होंगे। झारखंड के लोगों से उन्होंने सोच समझकर वोट देने और भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजधानी और राज्य में गुंडागर्दी रोकनी हो, तो भाजपा को वोट दें।

### झारखंड के बारे में कांग्रेस नेतृत्व को कोई ज्ञान नहीं है, बोले डॉ रवींद्र राय

# भाजपा पर विश्वास करती है जनता

*कहा, झामुमो के माध्यम से खनिज संपदा की तस्करी करना चाहता है राजद*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने सोमवार को यहां मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के पहले चरण का चुनाव 43 विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने जा रहा है। कहा कि भाजपा ने झारखंड को जन्म दिया, झारखंड प्रदेश का निर्माण किया। भाजपा इस संकल्प के साथ झारखंड में काम करती है कि जिसका हमने निर्माण किया है, उसको संरक्षण देंगे। उसकी प्रगति करेंगे। उसका हर प्रकार से समुचित विकास करेंगे।

डॉ रवींद्र राय ने कहा कि जनता इस भावना से यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा भागीदार बनाए। प्रथम चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जो प्रचार अभियान चलाया वह अद्भुत रहा है। प्रधानमंत्री की चार सभाएं हुईं। उन सभाओं में जिस प्रकार जनता ने भागीदारी दिखाई, उससे साफ हो गया है कि जनता नरेंद्र मोदी पर विश्वास करती है। भाजपा पर विश्वास करती है।




### भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो समाज को जोड़कर चलना चाहती है

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा बेरोजगारों को 2000 रुपये देगी। गोगो दीदी में 2100 रुपये प्रति महीने दिए जाएंगे। प्रतिमाह 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां होंगी। निजी क्षेत्र में प्रतिवर्ष एक लाख नए रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। पक्के मकान दिए जाएंगे। पंचप्रण के अतिरिक्त 25 महत्वपूर्ण संकल्प को पूरा करने की वचनबद्धता को हम फिर से एक बार दोहराते हैं। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो झारखंड में रहने वाले आदिवासी, सदान, पिछड़ा, अगड़ा, व्यापारी, उद्यमी, नौजवान सबके संवैधानिक अधिकार और मानसम्मान की रक्षा करेगी।

डॉ राय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा के मुख्यमंत्री का दौरा हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इस चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने कहा, प्रथम चरण के चुनाव अभियान में मैंने यह महसूस किया कि झारखंड की जनता इंडी गठबंधन की सरकार से पूरी तरह से निराश हो चुकी है। इंडी गठबंधन में मुख्य रूप से शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) हैं। राजद तो झारखंड विरोधी पार्टी रही है, लेकिन इस चुनाव में उसकी सक्रियता चौंकाने वाली है। पिछले कई वर्षों से बीमार लालू प्रसाद ने कोडरमा में जनता से कहा कि कोडरमा में राजद का रास्ता खोल दीजिए। झारखंड में कोडरमा में वह अपना खाता खोल रहे हैं। झामुमो के माध्यम से राजद कोडरमा के रास्ते पूरे झारखंड से खनिज संपदा की तस्करी करना चाहती है। डॉ राय ने कहा कि झामुमो के साथ मिलकर झारखंड के आर्थिक जीवन पर हमला करने का रास्ता राजद की रणनीति में दिखाई देती है। झारखंड की जनता इसे सावधानीपूर्वक देखे। मुझे लगता है कि प्रथम चरण का चुनाव बड़ा चुनौतीपूर्ण है। झारखंड विरोधी पार्टी से सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कोल्हान से झामुमो का सारा चेहरा गायब हो गया। कोल्हान क्षेत्र में भाजपा की लहर चारों ओर दिखाई दे रही है। यहां प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अद्भुत था। आदिवासियों में जो नफरत पैदा करने की कोशिश की गई थी, उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। कोल्हान में इस बार झामुमो शून्य पर पहुंचने वाली है। फिर से भारतीय जनता पार्टी वहां विजय श्री की ओर जा रही है।



PR No. 339965 (Election) 2024-25

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹78,170 10 ग्राम
₹1,02,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,496.15 +9.83
डॉलर 84.406 +0.024

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 12 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 277, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 छत्तीसगढ़, ओडिशा और प. बंगाल...



# पहले चरण की 43 सीटों पर 683 उम्मीदवार

नवीन मेल डेस्क

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर सोमवार शाम प्रचार थम गया। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला सोमवार से शुरू हो गया। पहले चरण की सीटों में 6 एससी और 20 एसटी के लिए सुरक्षित हैं। सामान्य सीटों की संख्या 17 हैं। इन सीटों पर मतदाता पूर्व सीएम चंपई सोरेन और झारखंड की मौजूदा सरकार के छह कैबिनेट मंत्रियों डॉ. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरूआ एवं बैद्यनाथ राम के अलावा कुल 683 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। पहले चरण के दिग्गज उम्मीदवारों में पूर्व मंत्री जदयू के सरयू राय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भाजपा के सीपी सिंह, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री कांग्रेस के केएन त्रिपाठी, पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास, पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश के नाम शामिल हैं।

**मतदान की निजता अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि मतदान की निजता अनिवार्य है। इस स्थिति में मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल ले जाना, फोटो लेना, वीडियो बनाना अवैध है। ऐसा करते पकड़े जाने पर सजा का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसे मामले पकड़ में आने के बाद कार्रवाई भी की गयी थी।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। उनमें पुरुष मतदाता 68.73 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 68.36 लाख है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 है। जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख है। वहीं 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख है।

## 609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर के हैं

- **1.37** करोड़ मतदाता प्रथम चरण के मतदान में हिस्सा लेंगे
- **18-19** साल के मतदाताओं की कुल संख्या 6.51 लाख
- **15,344** मतदान केंद्र चुनाव के लिए बनाये गये हैं
- **12,716** बूथ ग्रामीण और 2,628 बूथ शहरी क्षेत्र में हैं
- **1,152** बूथों पर मतदान का जिम्मा महिलाओं के हाथों में



**950** बूथों पर मतदान समाप्ति की अवधि शाम चार बजे होगी

**303** है सभी सीटों पर थर्ड जेंडर के मतदाताओं की कुल संख्या

## 225 में से 194 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग, शेष पर आज

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की 43 सीटों पर प्रचार अवधि समाप्त हो गयी है। मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को 225 में से 194 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से मतदान कर्मियों को पहुंचा दिया गया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में पोलिंग पार्टियों को बसों और ट्रेनों के जरिए भी भेजा गया है। बाकी बचे बूथों पर मंगलवार को हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को बूथों पर पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में कोई हेलीड्रापिंग नहीं होगी। प्रथम चरण में 13 नवंबर को सुबह सात से पांच बजे तक मतदान होगा। 950 बूथों पर मतदान समाप्ति की अवधि शाम चार बजे होगी, लेकिन मतदान समय की समाप्ति के बाद भी कतार में खड़े लोग मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान वाले क्षेत्र में चुनाव प्रचार आदि के लिए बाहर से गए राजनीतिक नेता, कार्यकर्ता को वह जगह तत्काल छोड़ देना है। वे ही वहां रह सकेंगे, जो उस क्षेत्र के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्पष्ट गाइडलाइन है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मतदान वाले क्षेत्र में नहीं रहेगा। इसमें बीमारी की हालत में छूट के लिए मेडिकल बोर्ड के परीक्षण के परिणाम के आधार पर निर्णय होगा। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।



▸ दूसरे चरण में कोई हेलीड्रापिंग नहीं होगी

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक कुल 54 केस

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सुरक्षित और भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 54 केस हुए हैं। बताया कि प्रथम चरण में कुल 43 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। उसमें से 17 सीट सामान्य, 20 अनुसूजित जनजाति और 6 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन 43 सीटों से 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उनमें 609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर के हैं। कुल 15,344 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

## सभी सीटों पर मतदान की तैयारी, आंकड़ों की जुबानी

- **17** सामान्य, 20 एसटी और 6 एससी सीट पर पड़ेंगे वोट
- **85** वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 है
- **68.73** लाख पुरुष मतदाताओं की संख्या है इन सीटों पर
- **68.36** लाख महिला मतदाताओं की संख्या है इन सीटों पर
- **50** बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं, इसमें रहेगी विशेष सुविधा
- **23** बूथों की जिम्मेदारी युवा व 24 बूथों का जिम्मा दिव्यांगों को

## कल इन सीटों पर होगी वोटिंग

पहले चरण की सीटों में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा. बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर जेएएम को सबसे अधिक सीटें मिली थीं। वहीं दूसरे स्थान पर भाजपा थी जबकि आजसू को इनमें से किसी सीट पर सफलता नहीं मिली थी।

**2019 में इन सीटों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जेएमए | 17 | निर्दलीय | 2 |
| भाजपा | 12 | एनसीपी | 1 |
| कांग्रेस | 8 | जेवीएम | 1 |
| राजद | 1 | आजसू | 0 |

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवर सचिव को किया निलंबित

**रांची।** निर्वाचन सदन के कार्यालय परिसर में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रभारी व सदस्यों के साथ बातचीत के क्रम में अवर सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग संजय प्रसाद श्रीवास्तव को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सेवा से निलंबित कर दिया है। साथ ही इनकी सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड को वापस करने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों को समान अवसर प्राप्त हो, इसके लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी प्रत्याशी या राजनीतिक दल के प्रति किसी भी प्रकार के पक्षपात या किसी को विशेष संरक्षण से सम्बन्धित पाए जाने पर निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों पर सख्ती से कर्रवाई करने का निर्देश है।

## फिर सरकार बनी तो गरीबों का घर बिजली बिल मुक्त होगा : हेमंत सोरेन

### अब पूरे राज्य में लोगों को 24 घंटे निर्बाध बिजली मुहैया कराया जाएगा



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रामपुर के चारलू बाजार में विकास विद्यालय मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया और किसानों के हित में फैसला लिया है। भविष्य में हमारी सरकार बनी तो बिजली बिल भुगतान से संबंधित जितने भी मुकदमे हुए हैं सब वापस ले लेगी। साथ ही 24 घंटे बिजली मुहैया कराया जाएगा और कभी भी भविष्य में बिजली बिल गरीबों के घर तक नहीं पहुंचेगा।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अमित महतो ने कहा कि हम सिल्ली की विकास हेतु कई योजनाओं पर कार्यरत हैं जो सरकार के सहयोग से धरातल पर उतारी जाएंगीं। हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना में हमारी सरकार ने लोगों को हर संभव मदद पहुंचाया। फिर हमारी सरकार बनी तो हम लोग महंगाई की मार से जनता को बचाएंगे। हमने मंईयां सम्मान योजना लागू कर हमने महिलाओं का सम्मान को बढ़ावा दिया है। हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के खाते में अब सालाना 30 हजार रुपए आयेंगे, दिसंबर से यह राशि बढ़कर ढाई हजार रुपया हो जाएगा। इसे वर्तमान कैबिनेट से पास कराया जा चुका है। कोरोना के समय गांव-गांव, पंचायत-पंचायत मुख्यमंत्री दाल भात योजना के अंतर्गत गरीबों को हमारी सरकार ने फ्री खाना खिलाने का काम किया। हमने संकल्प लिया कि इस राज्य की महिला को अपने पैरों में खड़ा करने का काम जाएगा और उसी के तहत मुख्यमंत्री मंईयां योजना लाया गया। योजना की लकीर हमने इतनी लंबी खिंची है कि विपक्ष के लोग कभी पचा भी नहीं पाएंगे। विपक्ष माटी और रोटी की बातें करते हैं यह सब निराधार है।



## जस्टिस संजीव खन्ना बने भारत के 51 वें सीजेआई

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना को सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ दिलाई। 65 साल की उम्र में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ गत 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा जस्टिस संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की गई। 14 मई 1960 को जन्मे जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लॉ कैंपस से कानून की पढ़ाई की है। वह दिल्ली हाईकोर्ट के जज के पद पर भी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। वहीं अगर उनके विधिक सफर की बात करें, तो वह कई ऐतिहासिक फैसलों का अहम हिस्सा रह चुके हैं, जिसमें प्रमुख रूप से ईवीएम की पवित्रता का मामला, अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत का मामला, चुनावी बॉन्ड की योजना को खत्म करने का मामला और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का मामला शामिल है। जस्टिस संजीव खन्ना इन मामलों के संबंध में सुनाए गए फैसलों का अहम हिस्सा रह चुके हैं। जस्टिस संजीव खन्ना को 18 जनवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नत किया गया था।

शेष पेज 09 पर

## झारखंड से घुसपैठियों को चिह्नित करने के लिए बनेगी कमेटी : अमित शाह

### चंपाई ने जब घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो हेमंत ने उन्हें सीएम पद हटा दिया



नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा झारखंड घुसपैठ से परेशान है। चंपाई सोरेन ने जब घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो हेमंत सोरेन ने उन्हें सीएम पद छोड़ने को कहा। भाजपा की सरकार बना दो, आदमी तो क्या परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। झारखंड में एक-एक घुसपैठिए को चिह्नित करने के लिए कमेटी बनाई जाएगी।

शाह ने भाजपा प्रत्याशी चंपाई सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन और गुरुजी शिबू सोरेन के साथ कई सालों तक वफादारी के साथ काम किया लेकिन जिस तरह इनको अपनामित कर निकाला गया, वह पूरे झारखंड का अपमान है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर एक-एक पाई खजाने में जमा होगी। सभी भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे। इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटला और एक हजार करोड़ का शराब घोटाला किया है। पेपर लीक करने वालों को भी उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा करेगी। शाह ने कहा कि इंडिया एलायंस अपने कार्यकतार्ओं को करोड़पति बनाने का काम करते हैं लेकिन पीएम मोदी गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाने का काम करते हैं। पीएम मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र में मुसलमानों को आरक्षण देने का वादा किया है। यदि मुसलमानों को आरक्षण दिया तो आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करनी पड़ेगी लेकिन भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीनने नहीं देगी।

## इंडिया जातीय जनगणना कटेंगे तो बटेंगे के बीच पिछड़े झारखंड का मुद्दा गुम

कभी कहा जाता था प्यार और जंग में सब जायज है अब लोग कहते हैं चुनाव में सब जायज है । पिछड़े राज्यों में आगे झारखंड के चुनाव में स्थानीय मुद्दे हाशिए पर चले गए बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ और आदिवासी महिलाओं से शादी के बाद आदिवासी जनसंख्या के 10 % घटने को बड़ा मुद्दा बना रही बीजेपी से त्रस्त विपक्ष ने जातीय जनगणना को मुद्दा बनाकर भाजपा को घेरने की कोशिश की तो उसने योगी आदित्यनाथ से उनके नारे बटेंगे तो कटेंगे से एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की।खनिज भंडार से समृद्ध इस राज्य की जनसांख्यकी में विगत वर्षों में हुए असुंतलन को साथ ही परिवारवाद व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के कथित काले कारनामों को भारतीय जनता पार्टी ने अपना चुनावी मुद्दा बनाया है। हरियाणा का चुनाव परिणाम आने के बाद देश का राजनैतिक वातावरण बदल गया। झारखंड और महाराष्ट्र सहित जहां-जहां विधानसभा उपचुनाव होने जा रहे हैं सभी जगह एनडीए और इंडी दोनों गठबंधनों का समीकरण बदला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा "बंटेंगे तो कटेंगे" हरियाणा से होता हुआ बांग्लादेश और कनाडा तक पहुंच गया है। जाति के आधार पर हिंदू समाज को विभाजित कर सत्ता की आस लगाए इंडी गठबंधन पर इसका खासा असर पड़ा है । झारखंड में भारतीय जनता पार्टी पहली बार इतनी आक्रामकता के साथ हिंदुत्व की बात करते हुए चुनाव प्रचार कर ही है जिसका नेतृत्व असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथ में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता कह रहे हैं कि यह चुनाव किसी विधायक को चुनने का नहीं है अपितु अपना अस्तित्व बचाने का है। जब हम हिंदू बचे रहेंगे तभी तो अपना विधायक और सांसद चुन सकेंगे, अपनी सरकार चुन सकेंगे। राज्य में भाजपा ने माटी, रोटी और बेटी बचाने का संकल्प लिया है और समाज की चार जातियों महिला, किसान, युवा और गरीब जनता के लिए वादों का पिटारा खोलते हुए उत्तराखंड व गुजरात की तरह राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने का निश्चय व्यक्त किया है। जबकि वादों में एक कदम बढ़कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगे। पीएम मोदी ने इस बार रोटी -बेटी और माटी के साथ-साथ नोटों के पहाड़ का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया । झारखंड की जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार, घुसपैठ और आदिवासियों को लड़ाने के मुद्दे पर हेमंत सोरेन पर जमकर प्रहार किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के साथ जो व्यवहार किया गया वह भी बीजेपी की जनसभाओं में जनता को याद दिलाया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ और पीएम ने अपनी जनसभाओं में कहा कि अपनी ताकत का एहसास कराइए जातियों में बंटना नहीं है जाति के नाम पर कुछ लोग बांटेंगे लेकिन आप लोग एक रहिए सेफ रहिए। मुख्यमंत्री योगी ने सोरेन सरकार में मंत्री रहे आलमगीर आलम के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद होने पर उनकी तुलना औरंगजेब से की और कहा कि औरंगजेब ने देश को लूटा था मंदिरों को नष्ट किया था, उसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चे का एक मंत्री था जिसका नाम था आलमगीर। आलमगीर आलम जिसके घर से नोटों की गड्डियाँ मिली थीं। आजकल बांग्लादेश से लेकर कनाडा तक हिंदुओं के मदिरों व उनके पर्वों को निशाना बनाते हुए उन पर हमले किये जा रहे हैं। इन हमलों को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से कांग्रेस व विपक्ष यही काम करती आ रही है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या आदि को बुला रहे हैं जो एक दिन आपको घर के अन्दर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। मैं तो कहता हूं कि जब भी बटे हैं निर्ममता से कटे हैं। राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि पिछले दिनों जिस प्रकार कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला किया गया और फिर वहां की पुलिस ने भी हिंदुओं को ही आरोपी बना डाला उसका स्वयं प्रधानमंत्री ने तीखा विरोध किया वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के किसी भी नेता ने हिंदुओं पर हो रहे हमलो की निंदा तक नहीं की जिसका असर गठबंधन के चुनावी परिणामों पर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी के नये नारे का ही प्रभाव है कि अब बांग्लादेश से लेकर कनाडा तक का हिंदू और सिख सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं । कनाडा के हिंदुओं ने भी योगी जी के नारों "बटेंगे तो कटेंगे तथा एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे, नेक रहेंगे" जैसे नारो का उद्घोष कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। योगी जी के नारों की काट के लिए राहुल गांधी ने आरक्षण 50 % से अधिक करने का वादा किया और आदिवासी ईसाई बहुल सिमडेगा में उनकी उपेक्षा का मुद्दा उठाया कि आज टीवी में कोई आदिवासी एंकर नहीं है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



झामुमो का घोषणा पत्र जारी

## डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण बढ़ाने का वादा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के बड़े घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पहले चरण की 43 सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी के सुप्रीमो शिबू सोरेन द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को झामुमो ने अधिकार पत्र नाम दिया है। पार्टी ने 1932 के खतियान (जमीन सर्वे का कागजात) आधारित स्थानीय नीति (डोमिसाइल पॉलिसी) लागू करने, एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण कोटे में वृद्धि, सरना-आदिवासी धर्म कोड लागू कराने का वादा किया है। पार्टी ने कहा कि किसानों को बिना ब्याज के ऋण मिलेगा। पार्टी ने राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने का भी संकल्प व्यक्त किया है। पूर्व की रघुवर सरकार के समय लाए गए भूमि अधिग्रहण (झारखंड) संशोधन कानून, 2017 और लैंड बैंक नीति को रद्द करने का भी ऐलान पार्टी ने किया है। **शेष पेज 09 पर**




▸ बिना ब्याज के किसानों को मिलेगा ऋण

### तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग कल

# आज रवाना होगा मतदान कर्मियों का दल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला अंतर्गत 58-तमाड़, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके एवं 66-मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि 13 नवंबर को निर्धारित है। चुनाव कराने के लिए मतदान दल मंगलवार (12 नवंबर) को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी से अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त, रांची वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा ने विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार समाप्ति के बाद किसी भी प्रकार का राजनीतिक कार्यक्रम या प्रचार करना निषेध है। किसी भी प्रकार के राजनीतिक जुलूस या अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकते हैं। घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रांची जिले में अब तक निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की हिंसा आदि की सूचना प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि रांची जिले में प्रथम चरण में तमाड़, रांची, हटिया, कांके एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान तिथि 13 नवंबर को प्रातः 07:00 बजे से प्रारंभ होकर संध्या 05:00 बजे तक वोटिंग होगी। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 57 मतदान केंद्रों, कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 मतदान केंद्र एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 मतदान केंद्रों पर प्रातः 07:00 बजे से दिन में 04:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा।




**सुरक्षित व निष्पक्ष मतदान के रहेंगे इंतजाम ड्रोन से भी होगी निगरानी : एसएसपी**

**रांची। राजधानी रांची सहित जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित बूथों पर सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए बूथों पर बड़े पैमाने पर केंद्रीय और राज्य स्तरीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। सभी सुरक्षा बलों से अभी से कोऑर्डिनेशन किया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवेदनशील बूथों के बारे में पूछे जाने पर बताया कि नक्सल प्रभावित बूथों को छोड़कर 1207 क्रिटिकल बूथ हैं। इन बूथों पर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन से भी निगरानी करने के इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र की वेबकास्टिंग की जाएगी और इसकी निगरानी जिला नियंत्रण कक्ष से की जाएगी।**

प्रथम चरण में तमाड़, रांची, हटिया, कांके एवं मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 200 माइक्रो ऑब्जर्वर को नियुक्त किए गए हैं। वे मतदान की प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। वैसे मतदान केंद्र, जहां पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां पर अतिरिक्त मतदान कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिससे मतदाताओं को शीघ्र मतदान करने में सुविधा होगी।

उन्होंने बताया कि रांची जिले में प्रथम चरण के चुनाव में 60 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान में अपना योगदान देंगे। आपात स्थिति के लिए सभी सेक्टर पदाधिकारियों के पास रिजर्व ईवीएम और वीवीपैट उपलब्ध होंगे। मतदान दलों के रात्रि विश्राम एवं सुरक्षा के दृष्टि से तमाड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 34, हटिया में 01, कांके में 16 एवं मांडर में 15 चिह्नित स्थलों को क्लस्टर के रूप में स्थापित किया गया है।

कहा कि मतदान दलों के डिस्पैच तथा मतदान दिवस के दिन पूरी प्रक्रिया के सफल संचालन तथा क्रियान्वयन के लिए रांची समाहरणालय ब्लॉक 'बी' कमरा संख्या 505 में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यह मतदान दलों के सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने से लेकर मतदान समाप्ति तक क्रियाशील रहेगा। मतदान समाप्ति के बाद सभी पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट्स निर्धारित वज्रगृह कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा रांची में अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए चिह्नित हॉल में रखे जाएंगे।

### स्पेशल ब्रांच के दारोगा की हत्या मामले का हुआ खुलासा

# अनुपम कच्छप हत्याकांड में छह गिरफ्तार

- एक फरार, डीजल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने ली थी जान
- चार मोबाइल, एक पिस्टल, दो कारतूस, एक बोलेरो पिकअप वैन बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव के समीप स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप हत्याकांड का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मनोहर कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, संजय सिंह, गौतम यादव, सुग्रीम सिंह, अभिषेक महतो और राजेंद्र महतो शामिल हैं। राजेंद्र महतो पहले से दूसरे मामले में गिरफ्तार है। पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। मामले में विनोद महतो फरार है। इनके पास से चार मोबाइल, एक पिस्टल, दो कारतूस, एक बोलेरो पिकअप वैन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत दो अगस्त की रात कांके थानांतर्गत रिंग रोड में इंडिया होटल से मोटरसाइकिल पर सवार होकर नेवरी की ओर जाने के क्रम में संग्रामपुर गांव के पास त्रिदेव होटल से 200 मीटर की दूरी पर अज्ञात अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कुमार कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले को लेकर मृतक की भाभी रोमा तिर्की ने कांके थाना अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

एसएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी टीम में डीएसपी अमर पांडेय सहित कांके थाना प्रभारी के अतिरिक्त जिला के विभिन्न थाना प्रभारी सहित 40 सदस्यीय दल का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान के दौरान एफएसएल की टीम के जरिये घटनास्थल की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं साक्ष्य संकलन किया गया। मृतक के साथ बर्थ डे पार्टी में शामिल 13 संदिग्ध से गहनापूर्वक पूछताछ किया गया, लेकिन कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका।

एसएसपी ने बताया कि पूर्व में मृतक के जरिये उत्पाद विभाग के तहत हजारीबाग जिला में तथा विशेष शाखा में कार्यरत रहने के दौरान अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई और छापामारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया गया था, जिस संदर्भ में अवैध शराब कारोबारी की भूमिका पर साक्ष्य संकलन करने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, शस्त्र अधिनियम के संगठित गिरोह के आरोप-पत्रित अपराधकर्मियों की भूमिका के संबंध में भी गहनतापूर्वक अनुसंधान किया गया, लेकिन साक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि एसआईटी को अनुसंधान के दौरान रिंग रोड में रात के अंधेरे में पेट्रोल टंकी, होटल ढाबा एवं सुनसान स्थलों पर खड़े भारी वाहनों से रात्रि के अंधेरा का लाभ उठाकर डीजल चोरी करने से संबंधित घटना मिली। इसके बाद डीजल चोर के संगठित अपराधिक गिरोह के जरिये हत्या की घटना को अंजाम दिए जाने की प्रबल संभावना के आधार पर पूर्व में घटित डीजल चोरी करने वाले गिरोह एवं आरोप-पत्रित आरोपितों का सत्यापन करने का कार्य प्रारंभ किया गया। एसआईटी टीम के जरिये मामले का गहन अनुसंधान के क्रम में डीजल चोरी के आरोप पत्रित अपराधियों एवं उक्त गिरोह में शामिल सदस्यों का सत्यापन करते हुए पूछताछ की गई। सत्यापन के क्रम में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपित संजय सिंह ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि डीजल चोरी गिरोह भोला सिंह, सुग्रीव सिंह, गौतम, राजेश महतो उर्फ विनोद, संतोष गुझू, गोविन्द महतो बोलरो पिकअप वाहन के साथ घटना की रात डीजल चोरी करने के लिए अमर होटल, संग्रामपुर, कांके के ऑपोजिट एक ट्रक एवं टैंकर खड़ा था। उक्त दोनों गाड़ी के ड्राइवर सो रहे थे। संजय सिंह के साथ सुग्रीव सिंह एवं गोविंद महतो उक्त गाड़ी से 03 डिब्बा डीजल चोरी कर लेकर आए और सुग्रीव सिंह फिर डीजल लाने के लिए खड़ा टैंकर के पास गए, तो इसी बीच बरसाती पहना हुआ एक व्यक्ति (सब इंस्पेक्टर अनुपम) कांके से बीआईटी के तरफ से अपनी बाइक से जा रहा था। वह व्यक्ति इनलोगों को देखकर रुक गया और डीजल चोरी करने की बात कहते हुए चोर-चोर की आवाज लगाने लगा। इससे उनका डीजल चोरी के अपराधियों से संघर्ष हो गया।

इसी दौरान इस बात कि सूचना रेकी कर रहे अन्य अपराधकर्मियों को हुई। एक व्यक्ति जो अपने आपको पुलिस पदाधिकारी बता रहा है, उसने हमलोगों को डीजल चोरी करते हुए देख लिया है। इनलोगों को डीजल चोरी गैंग का भंडाफोड़ होने की आशंका होने लगी, इसके बाद गिरोह में शामिल छह अपराधियों ने हथियार को अनुपम कच्छप के शरीर में सटाकर चार गोली मार दी।

## 68वें राष्ट्रीय खेल की जूडो प्रतिस्पर्धा में राज्य के यशराज को कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 के जूडो प्रतियोगिता में झारखंड के यशराज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत कर राज्य को गौरवान्वित किया। 7 से 11 नवंबर तक जम्मू में आयोजित अंडर 17 बालक जूडो प्रतियोगिता में यशराज ने 66 किलोग्राम वर्ग में यह पदक जीता है।

यशराज की इस उपलब्धि पर शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, (भप्रसे), राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन (भप्रसे), शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।

## श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार (12 नवंबर) को श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को अत्यंत सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है। श्री श्याम प्रभु सहित शिव परिवार एवं बजरंगबली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को श्री श्याम प्रभु का जन्म हुआ था।

श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश के सन्मुख अखंड ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा श्री श्याम प्रभु की सेवा में संगीतमय संकीर्तन किया जाएगा। साथ ही, इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को खीर, चूरमा, छप्पन भोग एवं विभिन्न प्रकार के मिष्ठान का भोग अर्पित किया जाएगा।



### मतदान के लिए 13 को बंद रहेंगी कूरियर सेवाएं

**रांची (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। मतदान को लेकर कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी। यह जानकारी झारखंड कूरियर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने सोमवार को दी।उन्होंने कहा कि कूरियर सेवा में लगे कर्मी मतदान कर सकें, इस कारण इस सेवा को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि रांची में मतदान करने वाले मतदाताओं को विष्णु टॉकिज लेन स्थित स्वाति कूरियर में एक कूरियर मुफ्त भेजने की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए मतदाता को स्वाति कूरियर में आकर ऊंगली में लगी स्याही, आधार और वोटर आईडी दिखाना होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 13 नवंबर को सपरिवार मतदान करें और राष्ट्र धर्म निभाएं।

### ट्रेन से 23 बोतल शराब जब्त

**रांची (हि.स.)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेन से शराब जब्त किया है। रांची आरपीएफ की उपनिरीक्षक रीता कुमारी ने सोमवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम रांची ने ऑपरेशन सतर्क के तहत ट्रेन संख्या 18105 में जनरल कोच में एक प्लास्टिक बैग में 23 शराब की बोतल को जब्त किया। इसकी अनुमानित कीमत 11 हजार 700 रुपये है। शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

**आज / कल**




## हर एक वोट महत्वपूर्ण है : डॉ दीपक गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) के सहयोग से समाजसेवी डॉ दीपक गुप्ता ने रांची विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और चुनाव में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। रांची के विभिन्न गांवों, जैसे सरना टोली, कटहल मोड़, गोंदा, हात्मा और रांची नगर निगम के विभिन्न वार्डों में डॉ दीपक गुप्ता ने मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

डॉ दीपक गुप्ता ने इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों से व्यक्तिगत संपर्क किया और उन्हें आगामी 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा, हर एक वोट महत्वपूर्ण है और हमारे समाज की आवाज को लोकतंत्र के मंच तक पहुंचाने में सहायक है। हमारे अभियान का उद्देश्य है कि हर नागरिक इस चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाए और मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाए।



रांची विस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

इस विशेष अभियान के तहत, डॉ गुप्ता ने मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए कई पहल की। उन्होंने लोगों को शपथ दिलाई कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अपने परिवार, मित्रों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करेंगे। अभियान के दौरान डॉ गुप्ता ने मतदान प्रक्रिया, मताधिकार का महत्व और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि प्रत्येक व्यक्ति का वोट कैसे लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देता है।

इस अवसर पर डॉ गुप्ता ने कहा, एक मजबूत लोकतंत्र की नींव तभी बन सकती है जब अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लें। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को मतदान का महत्व समझाया जाए ताकि हम सभी मिलकर अपने समाज और राज्य के भविष्य को बेहतर बना सकें।

नुक्कड़ नाटक रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिताओं आयोजन कर, डोर टू डोर आदि जागरूकता अभियान चलाकर से कई दिनों से चल रहा है, जो लोगों में जोश भरने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी के प्रति उत्साह को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इस अभियान को विभिन्न समुदायों और सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। डॉ गुप्ता ने विश्वास जताया कि इस बार के चुनाव में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि होगी।

### एफजेसीसीआई चला रहा मतदाता जागरूकता अभियान

# वोटरों में उत्साह जगाना हमारी मुख्य प्राथमिकता : परेश गट्टानी

- वोटर्स को चैंबर के पोर्टल से जागरूक मतदाता सर्टिफिकेट डाउनलोड करने की सुविधा है उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) राज्य निर्वाचन आयोग की सहमति से क्रमवार तरीके से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। मतदाताओं के बीच हस्ताक्षर अभियान के साथ ही शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में बैनर-पोस्टर लगाकर 13 और 20 नवंबर को चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि शहरी क्षेत्र के वोटरों में उत्साह जगाना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। प्रत्येक चुनाव में शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की उदासीनता देखी जाती है। लोकतंत्र के इस त्यौहार में सभी मतदाताओं की अहम भूमिका है और इसमें सभी की भागीदारी होनी ही चाहिए। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना बेहद जरूरी है। चैंबर अध्यक्ष ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव की तर्ज पर आगामी विधानसभा चुनाव में भी स्याही का निशान दिखाते हुए वोटर्स को चैंबर के पोर्टल से जागरूक मतदाता सर्टिफिकेट डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विदित हो कि लोकसभा चुनाव 2024 में चैंबर द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा के तहत कुल 1872 लोगों ने सर्टिफिकेट डाउनलोड किया था। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि इस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए अपने जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के सहयोग से जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास जारी है।

## गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के छात्र 14 को निकालेंगे झांकी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर रातू रोड, कमड़े स्थित गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा 14 नवंबर को झांकी निकाली जाएगी। नगर कीर्तन में रांची के रातू रोड से मेन रोड तक इसका प्रदर्शन किया जाएगा।

बताया गया कि इस वर्ष की झांकी की थीम शौर्य गाथा है। यह समर्पित है वीर सैनिकों तथा सैन्य बलों को। सारागढ़ी के जांबाज इशर सिंह के शौर्य और पराक्रम की विरासत के साथ भारत के सशस्त्र सैन्य बलों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इन मॉडलों को छात्रों ने शिक्षकों की देखरेख में स्वयं ही बनाया है।

इधर, गुरु पर्व के पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ड्राइंग कंपटीशन, गुरुमुखी लेखन प्रतियोगिता, मूल मंत्र पाठ, शबद गायन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

निर्णायक मंडल में गुरुद्वारे के रागी आई सरदार भरपूर सिंह, सरदार महीपाल सिंह, सरदार जसविंदर सिंह शामिल रहे। प्रधानाचार्या शालिनी विजय ने कहा कि गुरु नानक देव की दी गई शिक्षा नाम जपी, किरत करो और वंड छकी यह हमें सत्कर्मों की ओर ले जाती है। मौके पर प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### रिम्स में एचआईवी पॉजिटिव मरीज के पित्ताशय की थैली का हुआ सफल ऑपरेशन

**रांची।** गिरिडीह के बिरनी की 46 वर्षीया महिला पित्त की पथरी (कोलेलिथियसिस) के कारण गंभीर दर्द से पीड़ित थी और एचआईवी पॉजिटिव होने के कारण उसे कई अस्पतालों से निराशा हासिल हुई और उसकी सर्जरी नहीं हो पा रही थी।



रिम्स पहुंचने पर महिला को सर्जरी विभाग में प्रो (डॉ) संदीप कुमार के यूनिट में भर्ती किया गया। ऑपरेशन की तत्काल आवश्यकता को समझते हुए डॉ कुमार और उनकी कुशल टीम ने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण का विकल्प चुना और लेप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करके सर्जरी कुशलता से पूरा किया। विदित हो कि इस प्रक्रिया में सटीकता और तेजी से रिकवरी के लिए दूरबीन का उपयोग किया जाता है। रिम्स में सर्जरी विभाग के चिकित्सकों को बड़ी कामयाबी मिली है। मरीज अब पूरी तरह से ठीक है। इस टीम में सर्जरी विभाग के डॉ नमन माहेश्वरी, डॉ कृति लता परम्बा, डॉ सत्यम और निश्चेतना टीम से डॉ मुकेश, डॉ सौरभ, डॉ नेहा, डॉ गायत्री, डॉ सरवर, डॉ ऋचा शामिल थीं।

### विस चुनाव को लेकर पांच दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**रांची (हि.स.)।** राज्य में विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर नवंबर माह में पांच दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। चुनाव को लेकर राज्य के संबंधित जिलों में ड्राइ डे घोषित किया गया है। इस दौरान पांच दिन राज्य में शराब की दुकानें और संबंधित प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। यह निर्णय शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए लिया गया है। वहीं, इस दौरान आम नागरिकों से सहयोग करने की अपील की गयी है।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इसे लेकर सोमवार को अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार 11 नवंबर की शाम पांच बजे से 13 नवंबर की शाम पांच बजे तक पहले चरण के मतदान को लेकर शराब की दुकानें बंद रहेंगी जबकि 18 नवंबर की शाम पांच बजे से लेकर 20 नवंबर की शाम पांच बजे तक 38 विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण के मतदान को लेकर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इसके साथ मतगणना के दिन यानी 23 नवंबर को भी शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

## स्थानीय मुद्दे रहेंगे अहम

**मनोज मिश्रा**

**विधानसभा चुनाव**

**रांची।** रांची विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सीपी सिंह और झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी आमने-सामने है। लोगों की निगाहें इन्हीं पर टिकी हैं कि कौन जीत हासिल करेंगे। साथ ही, अटकलबाजी का भी बाजार गर्म है। वैसे, लोगों से बात करने पर लगा कि स्थानीय मुद्दे ही अहम रहेंगे।

एसके सहाय सब्जी मंडी के उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम उर्फ डब्लू ने कहा कि सब्जी मंडी में साफ-सफाई, रोड, नाली की समस्या है। यहां पानी की भी समस्या है। 110 साल पुराने बाजार की हालत जो सुधारेगा, उसे ही वोट करेंगे।

फल विक्रेता मोहम्मद अख्तर ने कहा कि भड़काऊ भाषण का दौर खत्म हो गया है। अब सब पढ़े लिखे हैं, कोई नेता के बहकावे में नहीं आता है। कुंदन मालाकार ने कहा कि रांची विधानसभा में कांटे की टक्कर होगी। दुकानदार नौशाद ने कहा कि धर्म और विकास दोनों के नाम पर वोट होगी। चर्च रोड के दुकानदार शनि कुमार ने कहा कि जो काम करेगा, उसे ही वोट देंगे। होटल संचालक सुबोध प्रसाद ने कहा कि महंगाई बहुत है। इस पर आने वाली सरकार को ध्यान देना चाहिए। वहीं, कपड़ा दुकानदार राजेश गुप्ता ने कहा कि कैंडिडेट के आधार पर वोट होगा। चिंतामणी देवी ने कहा कि जो काम करेगा, उसे ही जिताएंगे। विवेक कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है। जो भ्रष्टाचार दूर करेगा, उसे वोट देंगे।



मोहम्मद नसीम



मोहम्मद अख्तर



कुंदन मालाकार



मोहम्मद नौशाद



शनि कुमार



सुबोध प्रसाद



राजेश गुप्ता



चिंतामणी देवी



विवेक कुमार

## एक नजर

### सतर्कता जागरूकता अभियान चला

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित ऑक्सब्रीज स्कूल में यूनियन बैंक मांडर के तरफ से सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 अभियान चलाया गया। जिसमें यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार तथा सहायक राजेश कुमार की उपस्थिति में स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय में अवगत कराया कि कैसे सभी नागरिकों के सक्रिय समर्थन और भागीदारी के साथ ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को खत्म करने में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अभियान में स्कूल के शिक्षकगण तथा विद्यार्थी भी शामिल थे।

### खलारी में प्रकाश पर्व पर निकाली गयी प्रभात फेरी



**खलारी।** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर खलारी शिवपुरी कालोनी में सोमवार सुबह सिख समुदाय द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई प्रभातफेरी में हरमनदीप सिंह ने निशान साहब लेकर अगुवाई की। प्रभातफेरी सरदार बलविंदर सिंह बेदी के घर से सरदार जसवन्त सिंह के घर तक निकाली गई। सरदार बलविंदर सिंह बेदी व सरदार जसवन्त सिंह के परिवार सहित अन्य लोगों के द्वारा निशान साहब का स्वागत किया गया। प्रभातफेरी के दौरान सिक्ख समुदाय ने जागो जागो सूतयो प्रभात फेरी आई है, दर्शन कर लो प्रभात फेरी आई, जो बोले सोनिहाल सत श्री अकाल के जयकारे लगाए गए।

### टाटीसिलवे में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**नामकुम।** टाटीसिलवे में सोमवार को भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। भाजपा पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष सह खिजरी विधानसभा सह संयोजक जैलेन्द्र कुमार ने कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि खिजरी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन को हमें इस बार भारी मतों से जिताना है। इस दौरान भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई तथा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जीत की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में जाकर जनसंपर्क अभियान तेज करने की अपील की गई। मौके पर राजू नायक, राजन साहू, मनसा महतो, अमित मिश्र, माधुरी देवी और मनेश महतो आदि मौजूद थे।

मतदान केंद्रों पर होगी सुविधा व सुरक्षा, नहीं होगी परेशानी

# सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
चुनाव के दिन खलारी प्रखंड के किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं होगी। इस संबंध में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा है कि इसबार मतदाताओं के लिए चुनाव के दिन अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। किसी भी वर्ग के मतदाता को कोई परेशानी नहीं होगी। मतदान के दौरान कतार को व्यवस्थित करने के लिए वोलेन्टीयर रहेंगे। वोलेन्टीयर्स की निगरानी बीएलओ करेंगे। वहीं महिला पुरूष के लिए अलग अलग शौचालय भी बनवाया गया है। सभी बूथों पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। मौसम अनुकूल है इसलिए शेड नहीं बनाया गया है। किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए मेडिकल टीम भी तैयार रहेगी। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से मतदान के लिए आने वाले बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए पंचायत स्तर पर एक एक वाहन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। दिव्यांगजनों के लिए बूथ पर व्हीलचेयर की सुविधा रहेगी। खलारी बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 13 नवंबर को वोट डालने की अपील भी की है। कलस्टरों का किया गया निरीक्षण पुलिस व प्रशासन के पदाधिकारियों ने प्रखंड के सभी कलस्टरों का निरीक्षण किया। खलारी के सभी 60 बूथों को छह कलस्टरों में बांटा गया है। निरीक्षण के दौरान कलस्टर में चुनावकर्मियों व सुरक्षाबलों की सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके अलावा जिन विद्यालयों को कलस्टर बनाया गया है उन भवनों के आसपास सुरक्षा का जायजा लिया गया। निरीक्षण करने वालों में अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी खलारी विनयकुमार सिंह, थाना प्रभारी मैकलुस्कीगंज गोविन्द कुमार व बीएसएफ के इंस्पेक्टर शामिल थे।

### निष्पक्ष चुनाव के लिए 300 सुरक्षा बल खलारी पहुंचे

खलारी प्रखंड में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए 300 अतिरिक्त सुरक्षा बल खलारी पहुंच चुके हैं। इनमें बीएसएफ व एसएसबी के 200 अर्द्धसैनिक बल तथा 100 जिला पुलिस बल व अधिकारी शामिल हैं। स्थानीय पुलिस के साथ सुरक्षाबल विभिन्न बूथों का जायजा लिए। वहीं क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन में सुरक्षा को लेकर विश्वास जगाया गया। बुधवार तड़के ही सभी बूथों पर सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी जाएगी।

### चुनाव प्रचार का भोंपू थमा सभा-रैली कर प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**खलारी।** झारखंड विधानसभा 2024 चुनाव के प्रथम चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार शाम पांच बजे खलारी प्रखंड में चुनाव प्रचार पूरी तरह से थम गया। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रत्याशियों के समर्थकों ने सभा-रैली कर अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भोंपू प्रचार व सभाओं का दौर शाम पांच बजे थम गया। प्रमुख राजनीतिक दलों में भाजपा के कार्यकताओं ने सांसद संजय सेठ के साथ मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। वहीं कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने एसीसी क्लब मैदान में सभा का आयोजन किया। भोंपू प्रचार थमने के बाद राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मतदाताओं के घर घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। प्रत्याशियों के समर्थक बूथ प्रबंधन में जुट गए हैं। किस बूथ पर कौन पोलिंग एजेंट होगा, इसका चयन किया जा रहा है।

### मतदान हमारा अधिकार भी दायित्व भी, बिना भेदभाव करें मतदान

**खलारी।** विधान सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लगातार प्रयास किए ही जा रहे हैं, वहीं खलारी प्रखंड के समाजसेवियों व सामाजिक संगठनों द्वारा भी लोगों से मतदान की अपील की जा रही है। खलारी के व्यवसायी सुशील अग्रवाल ने लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक है। हमें अपने विवेक से मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा अधिकार भी है और दायित्व भी है। अखबार विक्रेता पंकज मिश्रा ने कहा कि मतदान अवश्य करें। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। यह मौका है कि हम अपने पसंद के जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। शिक्षक रंथू साहू ने कहा की हर मतदाता को मतदान करना चाहिए। हमें यह मौका मिला है और यह हमारा दायित्व है। अपील किया कि 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के दिन पहले मतदान तब जलपान करें। जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा है कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना ही चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, तुपुदाना, रांची के लीगल लिटरेसी क्लब ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। लोक संगीत व पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से मतदान करने की अपील की गई। साथ ही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व को दशार्या गया। विद्यार्थियों ने स्लोगन युक्त तख्तियों की सहायता से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### जयकुमार कुशवाहा का हृदयगति रुकने से निधन



**ठाकुरगांव।** भाजपा ठाकुरगांव मंडल के पूर्व महामंत्री सह किसान उत्पादक समिति के निदेशक व ठाकुरगांव लैम्पस के पूर्व निदेशक चापाटोली निवासी जयकुमार कुशवाहा (40) का निधन हृदयगति रुकने से सोमवार को भाजपा कार्यालय परिसर में हो गया। कुशवाहा एक प्रगतिशील किसान थे। साथ ही, मृदुभाषी व हंसमुख होने के कारण सभी लोगों में काफी चर्चित थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। इनके निधन की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सभी भाजपा, गैर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों का हुजूम उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थल पर उमड़ पड़ा। उनके आकस्मिक निधन पर सांसद सह मंत्री संजय सेठ, समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश, भाजपा प्रत्याशी डॉ जेसी राम, कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा, लैम्पस सचिव वैद्यनाथ ठाकुर समेत ठाकुरगांव व बुढ़मू मंडल के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### शिव उरांव ने भाजपा के सन्नी टोप्पो को दिया समर्थन



**रांची।** मांडर विधानसभा से चुनाव लड़ रहे संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने भाजपा के मांडर विधानसभा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को समर्थन दिया है। इसकी जानकारी देते हुए संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र में सन्नी टोप्पो जैसे नेताओं को विधायक बनाना जरूरी है, इसलिए हमने इनका समर्थन देकर उनको मजबूत किया है।

### शहर के मतदान केंद्रों को चकाचक करने में जुटा नगर निगम

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्र व आसपास में सफाई अभियान चलाया गया। यह क्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा। निगम की ओर से झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण में रांची में बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर कई स्तर पर तैयारी की जा रही है। मतदान केंद्र को स्वच्छ रखने को लेकर चलाये गये विशेष अभियान में कई सफाईकर्मियों को लगाया गया था। वहीं, छोटे वाहनों से मतदान केंद्र के आसपास से कचरा का उठाव भी किया गया। निगम प्रशासक संदीप सिंह के मुताबिक मतदान स्थल पर मतदाता स्वच्छ वातावरण में वोट करें, इसी उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया है कि मतदान दिवस के दिन मतदाता होने के कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए मतदान जरूर करें।

### खरसीदाग में बस के खलासी की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग स्थित साहू होटल के पास रिंग रोड पर ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। घटना सोमवार की रात लगभग आठ बजे की है। मृतक 55 वर्षीय विजय राय रांची से चाईबासा जा रही राधेश्याम बस में खलासी था। कोचबोंग के पास विजय बस से कुछ सामान लेकर सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी भवेश कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा।

मोमबत्ती जलाकर चला जागरूकता मतदाता अभियान

# बीडीओ ने सभी बूथों पर शत-प्रतिशत लोगों से मतदान करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता लापुंग**
प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने 'वोट करेगा लापुंग' नामक वोटर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। आगामी 13 नवंबर को मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लापुंग प्रखंड के सभी 65 बूथों में शत-प्रतिशत लोगों से मतदान करने की अपील की। बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि 13 नवंबर को लापुंग प्रखंड में मतदान केंद्रों में पहुंच कर सभी मतदाता खुद वोट करें और दूसरों को प्रेरित करें। मतदान का प्रतिशत 80 से अधिक होना चाहिए। अगर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ तो यह लापुंग के लिए एक सफलता होगी। उन्होंने जमीन पर लिखवाया - वोट करेगा लापुंग। 13 नवंबर और उसके ऊपर खूबसूरत तरीके से मोमबत्तियां जलायी और पोस्टर के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर मुख्य रूप से कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, बीएलओ सीमा देवी, सुवंती देवी, बिंदिया कुमारी, राधा देवी, विमला देवी, कंचन कुमारी, यात्री देवी, संतोषी देवी, समकुंवईर देवी, शोभावती देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, रेणु देवी, सुजीत कुमार, सौरभ जयसवाल, अमर कुमार, मनोज साहु, लालजीत साहु, बजरंग कुमार, विनय कुमार, बादल कुमार, अतुल कुमार, विष्णु गोप, जलेश्वर गोप, उमाशंकर सिंह सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।


42 बोरे में छिपाकर रखे हुए थे 824 किलो डोडा

# खूंटी में 1.23 करोड़ का डोडा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची/खूंटी। खूंटी पुलिस को नशे के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षा बलों और पुलिस ने सोमवार को घर में 42 बोरे में छिपाकर रखे गए कुल 824.045 किलो ग्राम अवैध डोडा बरामद किया है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक, खूटी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अड़की थाना अंतर्गत ग्राम साके में सोमा सोय (पिता गोपाल सोय) ने अपने घर में अवैध रूप से डोडा को छिपा कर रखा है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए सुधांशु कुमार, सहायक समादेष्टा, सीआरपीएफ 94 बटालियन, ई कंपनी, कुरूंगा तथा पुअनि मुकेश कुमार यादव, थाना प्रभारी, अड़की के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम साके स्थित सोमा सोय के घर में छिपाकर रखे गए 42 बोरा में कुल 824.045 किलो ग्राम अवैध डोडा को बरामद किया। एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर इसका मूल्य करीब 1,23,60,675 रुपये (एक करोड़ तेईस लाख साठ हजार छह सौ पचहतर रुपये) है। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अनुसंधान एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में सुधांशु कुमार, सहायक समादेष्टा, सीआरपीएफ 94 बटालियन ई कंपनी, कुरूंगा, पुअनि मुकेश कुमार यादव, थाना प्रभारी, अड़की, पुअनि रौशन खाखा, अड़की थाना, पुअनि कुंदन कुमार, अड़की थाना, पुअनि मनीष कुमार, अड़की थाना तथा अड़की थाना सशस्त्र बल एवं सीआरपीएफ 94 बटालियन ई कंपनी, कुरूंगा के सशस्त्र बल शामिल थे।

# सिकिदिरी में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया




**नवीन मेल संवाददाता। अनगड़ा**
गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी द्वारा क्षेत्र की हरातू और हेसातू पंचायत में कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी और अक्षय रजवार के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्थान के सदस्यों ने ग्रामीणों को मत का महत्व बताते हुए मतदान करने की अपील की। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना है। संस्थान द्वारा हर लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाता है। परिणाम स्वरूप इस वर्ष लोकसभा चुनाव में अनगड़ा में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मौके पर मिलू देवी, नेहा कुमारी, तारा देवी, मीसा कुमारी, पूजा कुमारी, गीता देवी, सुमित्रा देवी, करीना कुमारी, जितवा रजवार, विवेक रजवार, माघू करमाली, भानो देवी, नेहा कुमारी, नीरज रजवार, गेड़वा देवी, लीला देवी, छोटेलाल रजवार, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव और रोहित आदि का योगदान रहा।

बंधु तिर्की के किले में आ रही दरार

# बंधु तिर्की के कार्यकर्ताओं का हुआ मोहभंग



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
मांडर विधानसभा क्षेत्र में क्या दरक रहा है बंधु तिर्की का तिलिस्म। क्या बंधु तिर्की के मजबूत समझे जाने वाले किले की दीवार दरक रही हैं ऐसे कई सवाल उठ खड़े हुए हैं ? मांडर विधानसभा क्षेत्र में राजकमल गोप मुख्य धारा से जुड़कर बंधु तिर्की के पक्ष में काम कर रहे थे। लेकिन लगता है कि उनका बंधु तिर्की और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मोह भंग हो गया है तभी तो वे अब खुलकर भाजपा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे है ? यही नहीं सम्राट गिरोह के कभी सुप्रीमो रहे लापुंग मालगो के जयनाथ साहु भी मुख्य धारा से जुड़कर अब राजनीति में जुड़ गए हैं। उन्होंने सन्नी टोप्पो के समक्ष भाजपा का दामन थाम लिया और सन्नी टोप्पो के पक्ष में खुलकर काम कर रहे हैं। बंधु तिर्की से टूटकर कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संदीप बरला, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गणेश साहु, कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष सुखु लोहरा, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में कांग्रेस के दानेकेरा पंचायत अध्यक्ष दीपनारायण सिंह, कांग्रेस के दोलैचा के पंचायत अध्यक्ष अजय साहु एवं लालगंज के रामवृक्ष साहु सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा का दामन थाम लिया। कांग्रेस की प्रमुख कार्यकर्ता रही गांगी उराईन एवं बतिया उरांव सहित पूर्व मुखिया गंगेश्वर उरांव एवं महुगांव पंचायत के पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव ने भी कांग्रेस का परित्याग कर जागरे उरांव के भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हो गए हैं। लगातार कांग्रेस छोड़कर दूसरे पार्टियों में शामिल होने से आम जनता को यह प्रतीत हो रहा है कि बंधु तिर्की के मजबूत समझे जाने वाले किले में क्या अब दरार उत्पन्न हो गई है ? आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका कितना असर दिखेगा ? यह देखने वाली बात होगी।

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अजय नाथ शाहदेव ने झोंकी ताकत, किया रोड शो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने पूरे हटिया विधानसभा में रोड शो और पदयात्रा कर जनता से आशीर्वाद मांगा. अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विधानसभा के शहरी क्षेत्र में पुराना विधानसभा मैदान से अपना रोड शो शुरू किया जो एचइसी, बिरसा चौक, बाईपास रोड, डिबडीह, अरगोड़ा, हरमू, कडरू, अशोकनगर होकर कटहल मोड़ होते हुए रातु पहुंची. उनके साथ हजारों की संख्या में समर्थकों ने रोड शो करते हुए बनहोरा पहुंचे और एक सभा कर जनता, कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित किया. अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि आज के रोड-शो में उमड़ी भारी भीड़ ने संकेत दे दिया है कि जनता इस बार हटिया में बदलाव चाहती है. उन्होंने कहा कि वे लगातार जनता के मुद्दों के साथ हैं और हर सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं. गांव की पगडंडी से लेकर शहर की गलियों में लोगों ने चुनाव प्रचार के दौरान उनपर पुरजोर स्नेह और आशीर्वाद बरसाया. युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग सभी ने जमकर उनपर स्नेह बरसाया है.

20 वर्षों में भी नहीं बनी लालगंज की शमशान घाट व देवी मंडप सड़क

# ग्रामीणों में आक्रोश है व्याप्त



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के लालगंज के ग्रामीणों ने लालगंज बस्ती से देवीगुडी, शमशान घाट जाने वाली सड़क को अत्यंत जर्जर बताते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और शिल्पी नेहा तिर्की पर समस्या के प्रति आंख बंद कर लेने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि लालगंज से भंगी नदी जाने वाली बस्ती से शमशान घाट जाने वाली एक किलोमीटर लंबी सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर और पत्थर भरे पड़े हैं। सड़क इतना जर्जर है कि उसे पर चला नहीं जाता। यहां के ग्रामीण 20 सालों से सड़क निर्माण की मांग उठा रहे हैं लेकिन विधायक सुन नहीं रहे। अवंत लोहरा ने कहा कि वे कई बार विधायक एवं पूर्व मंत्री से गुहार लगा चूके हैं। लेकिन न मामले को बंधु तिर्की सुने और न शिल्पी नेहा तिर्की ! आज भी दो दशक गुजर गए लेकिन सड़क की हालत और भी जर्जर होती चली गई। लालगंज के ग्रामीण इस जर्जर सड़क के कारण काफी परेशान और हताश एवं निराश हैं। शिकायत करने वालों ने कहा सड़क बनाने की बजाय नेताजी वोट मांगने पहुंच गए। लेकिन ग्रामीणों ने अपना गुस्सा प्रकट किया और कहा कि पहले सड़क बनाओ फिर वोट मांगों यह सही रहेगा। अंतिम संस्कार के लिए इसी रास्ते से लोग शमशान घाट तक काफी परेशानी को झेल कर जाते हैं। शिकायतकताओं में चरवा उरांव, अवन्त लोहरा, अशोक साहु, भोला लोहरा, फलिंन्द्र हजाम, रामवृत साहु, शीबा साहु, रामेश्वर साहु, घुरा साहु सहित कई लोग शामिल हैं।

## एक नजर

### 1008 पारसनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा कार्यक्रम

**झुमरी तिलैया ।** श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के नव निर्मित मंदिर प्रांगण में परमपूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद से 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का आज 1008 पारसनाथ भगवान का जैन समाज द्वारा अभिषेक व अशोक अनिल जैन पाटोदी के द्वारा शांतिधारा किया गया। इसके बाद पंडित अभिषेक शास्त्री द्वारा सभी आरंभिक कियार्यों के साथ विधान प्रारंभ हुआ। इसमें आज सुबोध - आशा गंगवाल,शशि छाबड़ा के द्वारा संगीत मय पूजन कर गुरुदेव के मुखारबिंद से अर्घ का उच्चारण करते हुए 256 अर्घ और श्री फल प्रभु के चरणों में सभी इन्द्रो के द्वारा चढ़ाया गया। कार्यक्रम में मुनि श्री ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान का पांचवा दिन जीवन में बिना कारण के कोई कार्य नहीं होता है।

### दो जेवर दुकान का शटर तोड़ लाखों के जेवरात की चोरी

**कोडरमा / जयनगर।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक माह के अंदर चोरों ने तीन घटना को अंजाम दिया, लेकिन पुलिस एक भी घटना उदभेदन नहीं कर पायी है। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत है। बीती रात्रि भी हिरोडीह बाजार के दो जेवर दुकान में चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर लाखों का जेवरात ले उड़े। घटना शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि की है। झुमरी तिलैया निवासी राजकुमार वर्मा का न्यू ज्योति ज्वेलर्स व कोडरमा थाना के बेलगढा निवासी चंद्रिका वर्मा जेवर दुकान में रखे सोने, चांदी का जेवर को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। राजकुमार वर्मा ने थाना में दिये आवेदन में 15 लाख रुपए का चोरी होने की बात कही, जिसमें 6 लाख का कासा बर्तन व 9 लाख का सोना और चांदी कुल 15 लाख का चोरी होने की बात कही है।

### लक्खीबागी में ऑटो पलटने से युवक की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लक्खीबागी के समीप बेकाबू ऑटो पलटने से युवक की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार की रात करीब 8.30 बजे की है। मृतक की पहचान गिरिडीह के चतरो गांव निवासी 25 वर्षीय गुड्डू कुमार, पिता भोला हजारी के रूप में की गई है। वहीं हादसे में गिरिडीह के बेलकोला निवासी 45 वर्षीय कार्तिक हाजरा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ऑटो में 13 लोग सवार होकर जमुआ से तिलैया रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने आ रहे थे। तभी लक्खीबागी के समीप ऑटो तेज गति से रहने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में युवक की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बाकी लोगों को हल्की-फुलकी चोटें आयी है। घटना के बाद आनन- फानन में ग्रामीणों की मदद से सभी को सदर अस्पताल लाया गया।



## विश्वविद्यालय में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण अंतर्गत 20 बरकट्ठा,21 बरही एवं 25 हजारीबाग के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने निरीक्षण किया। हजारीबाग जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय से 12 नवंबर को मतदानकर्मी सामग्री के साथ रवाना होंगे। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि डिस्पैच के दिन किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने मतदान कर्मियों के लिए व्यवस्थित और स्पष्ट साइनेज की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर स्थल की सम्पूर्ण साफ सफाई, पेयजल हेतु टैंकर,साउंड सिस्टम, झाड़ियों की कटाई आदि को आज ही दुरुस्त करने का निर्देश दिया। तैयारियों की अंतिम व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने के लिए सभी संबंधित निवार्ची पदाधिकारीयों को देर रात पुनः निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मां देव प्रिया,अनुमंडल पदाधिकारी सदर अशोक कुमार, बरही एसडीओ जोहन टुडू, जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला भूअर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार,जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

## मतदान कर्मियों को किया गया ब्रीफ




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
13 नवंबर को होने वाले बड़कागांव विधान सभा आम निवार्चन को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को ब्रिफ किया गया। सौमेंदु कुमार दास सामान्य पर्यवेक्षक, देबब्रत दास पुलिस पर्यवेक्षक, जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़ रविन्द्र कुमार गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, पवन कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी पतरातू, लिलिमा सुरीन, जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी रामगढ़ द्वारा रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों, जिला बल, गृहरक्षक तथा बाहर से आये सीएपीएफ कम्पनी के सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को ब्रिफिंग किया गया। वहीं कहा गया कि सुरक्षित रूप से ईवीएम मशीन को बूथ पर ले जाने तथा मतदान के दिन बूथ को सुरक्षित रखते हुए शांतिपूर्ण रूप से मतदान करवाने तथा मतदान समाप्ति के उपरांत पुनः ईवीएम को सुरक्षित वापस रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ लाने तक क्या करें और क्या नहीं करें के संबंध में ब्रिफ किया गया। स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिये गये।

## न्यूज बॉक्स

### सुनीता चौधरी ने गोला प्रखंड में चलाया अभियान, लोगों से मांगा समर्थन



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने 11 नवंबर को गोला प्रखंड के बड़की सरला, संग्रामपुर, मुरूडीह, बड़की बेटुल, टांडिल, चोपादारू, चक्रवाली, मगनपुर, जांगी, महलीडीह, सोसो आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान लोगों से कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूरे राज्य में विकास के मामले में अपनी अलग पहचान है। कहा कि आगामी 20 नवंबर को केला छाप पर वोट देकर आप मुझे विजय बनायें। रामगढ़ विकास के मामले में राज्य में सबसे आगे रहेगा। एनडीए प्रत्याशी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घर-घर बिजली पहुंच चुकी है। नल- जल योजना के तहत पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया गया है। उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज उपलब्ध है। ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी नही हो। कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया गया है।

### पुलिस ने 180 किलोग्राम अवैध जावा महुआ किया नष्ट



रामगढ़। विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं नशामुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए रामगढ़ पुलिस कटिबद्ध है। इसी के तहत सभी थाना / ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान बरलंगा थाना अन्तर्गत सरगडीह से करीब 80 किग्रा अवैध जावा महुआ एवं पतरातू (भदानी नगर) ओपी अन्तर्गत चोरधारा से करीब 100 किग्रा अवैध जावा महुआ कुल 180 किग्रा अवैध जावा महुआ बरामद हुआ। वहीं संग्रहण के दौरान विनष्ट किया गया। इसका अनुमानित मूल्य करीब 12,600/- रूपया है। अवैध रूप से देसी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में बरलंगा थाना एवं पतरातू (भदानी नगर) ओपी में सनहा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### भाजपा को तीसरी दफा किला बचाने की है चुनौती,तो राजद ने प्रतिष्ठा का बनाया है सीट

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा इलाके में 13 नवंबर को चुनाव निर्धारित है। यहां से भाजपा,राजद और निर्दलीय कुल 13 उम्मीदवार चुनावी समर में अपना-अपना किस्मत आजमा रहे हैं। राजद से सुभाष प्रसाद यादव,तो भाजपा से डॉ नीरा यादव और निर्दलीय से शालिनी गुप्ता के बीच चुनाव में टक्कर है। अन्य 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में तो हैं,लेकिन टक्कर देने की स्थिति में नहीं हैं। भाजपा को तीसरी बार किला बचाने की चुनौती है,जबकि राजद ने इस सीट को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। इसी तरह निर्दलीय शालिनी गुप्ता पूरे जोर-शोर के साथ अपना भाग्य आजमा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव-2019 की बात करें, तो भाजपा ने दुबारा इस सीट को हासिल किया था। राजद दूसरे नंबर पर और आजसू से शालिनी तीसरे पायदान पर रही थी। तब डॉ नीरा को 63 हजार 675,अमिताभ कुमार को 61 हजार 878 और शालिनी गुप्ता को 45 हजार 14 वोट मिले थे।

### पहले चरण के लिए थम गया प्रचार, आयोग ने जारी किया निर्देश

# आचार संहिता उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
विस चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार सोमवार संध्या पांच बजे से थम गया। इसके साथ ही चुनाव आयोग के चुनाव पूर्व 72 घंटे निर्देश प्रभावी हो गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन आयोग सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने आदर्श चुनाव आचार संहिता संबंधित आवश्यक निर्देश जारी किया है। जारी निर्देशानुसार अब कोई भी प्रत्याशी मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग, मतदान के दिन मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में प्रचार-प्रसार करने एवं पार्टी का झण्डा/बैनर, पोस्टर का उपयोग वर्जित रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के 100 मीटर में कर्त्तव्यरूढ़ अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य को सेलुलर फोन,



मोबाईल, बेतार दूरभाष आदि ले जाना सख्त वर्जित रहेगा। किसी भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / उम्मीदवार/ अभ्यर्थी का कार्यालय मौजूदा मतदान केन्द्र से 200 मीटर के भीतर नहीं रहेगा। मतदाता पर्चियों में उम्मीदवार/पार्टी के नाम / चिन्ह का प्रयोग नहीं किया जायेगा। मतदान के दिन किसी उम्मीदवार/ उसके एजेंट मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक आने-जाने के लिए मुफ्त वाहन उपलब्ध नहीं कराएंगे। सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

#### कोई व्यक्ति ऐसा कार्य न करें जिसस घृणा हो

किसी राजनीतिक दल, अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न होने की संभावना हो। मतदान के दिन चलचित्र, टेलीविजन या ऐसी अन्य साधनों से मतदाता को मतदान संबंधित बात का संप्रदर्शन नहीं करेंगे, जिससे कि मतदाता की गोपनीयता भंग हो। प्रथम निर्वाचन दिवस के प्रारम्भ होने की अवधि से लेकर सभी चरणों के अंतिम मतदान तिथि तक मतदान सम्पन्न होने 30 मिनट पश्चात तक ओपिनियन या एग्जिट पोल या मीडिया कर्मियों को किसी भी तरह के मतदान प्रक्रिया की तस्वीर लेना वर्जित है। बिना पूर्व अनुमति के मतदान दिवस और मतदान पूर्व दिवस पर प्रिंट मीडिया में कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा। आयोग ने दो टूक निर्देशित किया है कि मतदान समाप्ति के 72 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक की अवधि में उपरोक्त बिन्दुओं का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बरकट्ठा मोड़ से लेकर बाजार तक लगती है हमेशा जाम

## बड़े वाहनों के आवागमन से लोगों को होती है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
बरकट्ठा मोड़ से लेकर बाजार परिसर तक प्रतिदिन जाम लगने से राहगीर परेशान हैं। जाम की समस्या से लोगों को कब मुक्ति मिलेगी, इससे हर कोई अनजान है। न प्रशासन के पास इसके लिए कोई उपाय है और न राजनीतिक दलों के पास। है तो केवल एक दूसरे को कोसने वाली बात। जाम से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबकुछ देखते हुए भी पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक सभी मौन धारण कर चुके हैं। बीते दिनों भी कुछ ऐसा ही हुआ। करीब पांच घंटे तक बरकट्ठा मोड़ से लेकर काली मंदिर तक जमा सरकता रहा। धीरे-धीरे गाड़ियां निकल पाई। इस व्यवस्था से परेशान आमजनों ने ट्रैफिक पुलिस की भूमिका में आवागामन को सुचारू बनाने में मदद की। इस बीच प्रत्याशियों की दो प्रचार वाहन भी फंसी रही। ऐसा लगा यह जाम का दरिया है, जिसमें डूबकर ही जाना है। जल्द ही इस समस्या से लोगों को निजात नहीं मिला तो जल्द ही लोग बाजार परिसर पहुंचने में असमर्थ हो जाएंगे।

### विस चुनाव को लेकर रामगढ़ जिले में पांच दिनों बंद रहेंगे मयखाने

## कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करेगा उसपर सख्त कार्रवाई की जायेगी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिला में प्रथम चरण मतदान अंतर्गत 13 नवंबर को मतदान दिवस निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से उत्पाद अधिनियम की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों के तहत, रामगढ़ जिला में सोमवार शाम 05:00 बजे से 13 नवंबर के शाम 05:00 बजे तक एवं मतगणना तिथि 23 नवंबर को ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत किसी होटल, भोजन, पाठशाला दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी मादक



लिकर का विक्रय और न वितरित किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति, जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा वह कारावास से जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्मानें से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से दण्डनीय होगा। जहां कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है, वहां स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति के अन्य पदार्थ, जो उसके कब्जे में पाए जाएं, अधिहरण के दायी होंगे और उनका व्ययन ऐसी रीति से किया जाएगा जो विहित की जाए।

### बरकट्ठा बाजार में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा साप्ताहिक हाट में लोगों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। सीओ श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पोस्टर और बुक लेट बांटकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कहा गया कि 13 नवंबर को मतदान के दिन अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। अधिक से अधिक मतदाता घरों से निकलकर अपने बूथ पर जाकर अपना मताधिकार का उपयोग करें। बाजार में पोस्टर और स्लोगन से लोगों को जागरूक किया गया। वहीं जीटी रोड पर लग रही जाम को संज्ञान में लेते हुए सीओ ने फुटपाथ पर लगा रहे दुकानदारों को हटाने निर्देश दिया ताकि लोगों को जाम से निजात मिल सके। मौके पर अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान समेत आदि अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर नौवें दिन निकाली गई प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर 11 नवम्बर को नौवें दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निशान साहिब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार से होकर लोहार टोला पंजाबी मोहल्ला सरदारनी बलविंदर कौर छाबड़ा के आवास पहुंची। यहां छाबड़ा परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदारनी हरविंदर कौर (पम्मी जग्गी) ने सरदारनी बलविंदर कौर छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा,जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा बिट्टी, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, शरद चमन, अंकित कालरा, प्रसिद्ध शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी,राजू कालरा,विक्की छाबड़ा, कशिश छाबडा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू,राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, पुष्पिंदर सिंह छाबड़, गुरजीत सिंह शान, पप्पू जस्सल, कुलवंत सिंह मारवाह, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल, चरणजीत जौली, सुमी जौली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर आदि शामिल हुए ।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र मोदी के जनसंपर्क में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र भाई मोदी ने बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान किया। जनसंपर्क बेड़ोकला, जमुआ, बंडासिंगा, बरकट्ठा, सलैया, पचफेडी समेत अन्य जगहों पर जनसंपर्क अभियान चला कर मतदाताओं से क्रम संख्या 20 तथा गैस चूल्हा छाप पर वोट देने की अपील की। साथ ही बरकट्ठा चुनावी कार्यालय के समीप जनसभा की। जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि बरकट्ठा की जनता बदलाव चाहती हैं। इस बार बदलाव बरकट्ठा में निश्चित हैं। चाचा-भतीजे से त्रस्त जनता निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र मोदी को चुनकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि यह मेरी कार्यकर्ता नहीं हैं। सभी मतदाता हैं। मतदाता बनकर कार्यकर्ता के रूप में आएं है। इस मौके पर शिव शंकर मोदी, अरुण मोदी, सूरज मोदी, पवन मोदी, आनंद मोदी, सुनील मोदी, सुरेश पंडित, रामप्रसाद मोदी, अजीत कुमार, चंदन मोदी, पवन मोदी, प्रदीप समेत सैकड़ों लोग रैली में शामिल थे।

### राजद सुप्रीमो बेला के लिए हुए रवाना

**कोडरमा।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मरकच्चो प्रखंड के गुरहा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद प्रत्याशी के आवास पर रात्रि विश्राम किया। इस दौरान जीत हासिल करने की रणनीति बनती रही। जबकि उनसे मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहा। सुबह 11.12 बजे सड़क मार्ग से सीधे जेजे कॉलेज मैदान पहुंचे और हेलीकॉप्टर के आने का इंतजार कॉलेज परिसर में कार पर बैठ कर करने लगे। हेलीकॉप्टर पूर्वाह्न 11.17 पहुंचा। इसके बाद उन्हें कार से हेलीकॉप्टर तक ले जाया गया, जहां से वे बेला, गया के लिए सुबह 11.28 बजे उड़ान भरे। इस दौरान झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। कोडरमा विधानसभा से राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के समर्थन में विशुनपुर रोड, झुमरी तिलैया स्थित आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान सोमवार को पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया।

### थर्ड फ्रंट में कुमकुम देवी को मिल रहा है सभी समाज का समर्थन

## बरकट्ठा की जनता तीसरे विकल्प की तलाश में : देवीलाल साव



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बरकट्ठा विधानसभा चुनाव में इस बार जनता बदलाव के मूड में है। चाचा- भतीजा से तंग आकर थर्ड फ्रंट में कुमकुम देवी को सभी समाज का समर्थन मिल रहा है। यह बात दिव्यकल्याण आश्रम सह लोकहित प्रत्याशी कुमकुम देवी के कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए मो. असरफ अंसारी, सुदामा साव, राजकुमार पंडित, देवीलाल साव, ज्ञानेश्वर गिरी, राजन सिंह ने सयुंक्त रूप से कही। राजकुमार पंडित ने कहा कि भाजपा समाज को ठगने का काम किया है। देवीलाल साव ने कहा कि इस बार के चुनाव में बरकट्ठा विधानसभा से जनता की मांग तीसरा विकल्प की है। कहा कि पहली बार महिला प्रत्याशी बरकट्ठा विधानसभा से उभर कर सामने आएगी। ज्ञानेश्वर गिरी ने कहा कि कुमकुम को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। राजन सिंह ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। प्रेस वार्ता में लोकहित पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार साव, सिकंदर साव समेत कई लोग शामिल थे।

# एक नजर

### मुसाबनी थाना क्षेत्र के खड़ीयासाई में पति ने की पत्नी व दो बच्चे की नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम में रविवार देर रात एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई. इस घटना को अंजाम परिवार के मुखिया 40 वर्षीय कुंवर टुडू ने दिया. मृतकों में उसकी पत्नी माईनो टुडू, 12 वर्षीय पुत्र सागेन टुडू और 14 वर्षीय पुत्र सागुन टुडू शामिल हैं. तीनों की हत्या कुल्हाड़ी से की गई है. घटना मुसाबनी थाना क्षेत्र स्थित गोहला पंचायत के फुलझड़ी खड़िया साईं गांव की है. वहीं घटना में कुंवर टुडू के 8 वर्षीय पुत्री मालती टुडू और 4 वर्षीय पुत्र मंगल टुडू भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें पहले एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर और फिर स्थिति बिगड़ने पर रिम्स, रांची रेफर किया गया है. पुलिस ने आरोपी कुंवर टुडू को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुमला।** शहर के बाईपास रोड स्थित होटल 7,11 के समीप एक हादसे में बृंदा नायक टोली निवासी सुकरा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक से घर लौटते वक्त एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर, चेहरे, और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सुकरा सड़क पर पड़ा तड़पता रहा, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इस बीच, गुमला के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्यरत सरकारी कर्मी मोहम्मद शोएब अख्तर की नजर घायल पर पड़ी। पीएम मोदी के चुनावी कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात शोएब ने तत्काल पहल करते हुए एक ऑटो बुलाया और घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, सुकरा भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था।

### अमित माहेश्वरी के पिताजी का निधन, चैंबर ने जताया शोक

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अमित माहेश्वरी के पिताजी के आकस्मिक निधन पर चैंबरअध्यक्ष दामोदर कसेरा और अन्य पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। इस दुखद सूचना के बाद चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष सरजू साहू, दिनेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बृज फोगला, और गुन्नू शर्मा ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक जताने वालों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, पीआरओ प्रणय साहू और मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन

# मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में राजनीतिक सभा/जुलूस पर रहेगा प्रतिबंध




*◆22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 386072 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग*

*◆ईवीएम ले जा रही गाड़ियों की होगी लाइव जीपीएस ट्रैकिंग*

*◆हर बूथ की सीसीटीवी लाइव वेब कास्टिंग के द्वारा की जाएगी निगरानी*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024 के तहत 13 नवम्बर को 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 नवम्बर को प्रथम चरण का मतदान 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में होना है। 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 197399 पुरुष, 188662 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 386072 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दौरान विधि व्यवस्था एवं मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं माइक्रो आब्जर्वर की भी प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 456 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए 456 पोलिंग पार्टी एवं 20% आरक्षित पोलिंग पर्सनल्स की नियुक्ति की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कल सुबह से ही डिस्पैच सेंटर से ईवीएम एवं पोलिंग पार्टी का डिस्पैच शुरू कर दिया जाएगा। सभी ईवीएम की निगरानी के लिए गाड़ियों में लाइव जीपीएस लगाई गई है जिससे सभी ईवीएम ले जा रहे गाड़ियों को लाइव ट्रैकिंग किया जा सके। डिस्पैच के उपरांत सभी मतदानपदाधिकारी अपने-अपने पोलिंग बूथ पर ही पहुंचेंगे और बूथ पर ही उनके रुकने की व्यवस्था की गई है किसी भी प्रकार का कलस्टर नहीं बनाया गया है। साथ ही हर बूथ की निगरानी सीसीटीवी की सहायता से लाइव वेव कास्टिंग के माध्यम से जिला नियंत्रण कक्ष से की जाएगी।

### यूसिल कॉलोनी मंदिर में प्रभु जगन्नाथ की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**जमशेदपुर।** यूसिल कॉलोनी में विराजमान प्रभु जगन्नाथ की जल्द प्राण प्रतिष्ठा होगी. आज रविवार देर संध्या ओडिशा पुरी धाम के बाबा दैतापति भवानी दास महापात्रा ने जादूगोड़ा यूसिल कॉलोनी शिव मंदिर में हजारों भक्तों के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन किये और मंदिर के कायाकल्प को लेकर विचार विमर्श किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ अपना स्थान खुद तय कर लेते हैं. प्रभु जगन्नाथ जहां विराजमान हैं उसे देखने आए हैं. पूरे विश्व के भगवान प्रभु जगन्नाथ हैं. यहां बताते चले के घाटशिला एसडीओ के पहल पर जादूगोड़ा में प्रभु जगन्नाथ मंदिर की नई कमिटी का गठन किया गया है. यह कमिटी प्रभु जगन्नाथ मंदिर के कायाकल्प को लेकर रणनीति बनाएगी. प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पुरी धाम के तर्ज पर जादूगोड़ा यूसिल कॉलोनी के शिव मंदिर में विराजमान प्रभु जगन्नाथ की पूजा पाठ का शुभारंभ किया जाना है.

## न्यूज बॉक्स

### इलेक्ट्रॉनिक्स व शू दुकानों में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के धनबाद रोड स्थित लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। इससे आसपास की संपत्तियों को भी नुकसान हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि हिंदुस्तान शू हाउस भी इसकी चपेट में आ गया और वहां रखा लगभग लाखों रुपये का फुटवेयर जलकर राख हो गया। हिंदुस्तान शू हाउस के प्रोपराइटर मोहम्मद नसीम और लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर सुबोध गुप्ता ने बताया कि इस आग में लाखों का नुकसान हुआ है।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, प्राथमिकी दर्ज




**बरही ।** तेज रफ्तार से आ रही बारह चक्का ट्रक संख्या जेएच 02 एएफ 9433 की चपेट में आने से 42 वर्षीय योगेंद्र कुमार राणा के मौत हो गई. घटना बरही बाईपास स्थित स्टील फैक्ट्री के समीप की है. मृतक के भाई रामदुलार राणा के अनुसार मृतक किसी काम से बरही गए थे. पूर्वाहन 10 बजे उन्हें फोन पर हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. जहां उनके भाई का शव सड़क पर पड़ा था. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना बारह चक्का ट्रक से हुई है. मामले के संबंध में मृतक के भाई ने बरही थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की गुहार लगाई है. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दिया है. शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया.

### बसिया में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, विधि व्यवस्था चाक-चौबंद

**बसिया(गुमला)।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय में आज पुलिस दल के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। अपने फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में शामिल पुलिस बल के जवानों ने संत जोसेफ उच्च विद्यालय परिसर स्थित अस्थायी कैंप से लेकर बसिया की मुख्य आबादी तक मार्च पास्ट किया। इस दौरान कोनबीर स्थित मुख्य बाजार और स्थानीय कलस्टर तक पुलिस ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस संबंध में पूछे जाने पर बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया कि चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है और आज फ्लैग मार्च के माध्यम से गड़बड़ी की मंशा रखने वाले तत्वों को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि किसी भी सूरत में चुनाव के दौरान गड़बड़ी की इजाजत किसी को नहीं है और यदि कोई ऐसा प्रयास करता है तो पुलिस उनसे सख्ती से निपटने का मनोबल बनाए हुए है। इसके लिए प्रखंड क्षेत्र में बनाए गए सभी पांच कलस्टरों सहित सभी मतदान केंद्रों को आच्छादित करने का काम पूरा कर लिया गया है।

अंतरराज्यीय व अंतरजिला सीमाओं पर बढ़ाई गई निगरानी

# मतदान के 72 घंटा पूर्व बॉर्डर सीलिंग की कार्रवाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन मतदान के 72 घंटे पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत एसओपी का पालन करने में जुट गया है. इसके तहत जिले की अंतरराज्यीय व अंतरजिला सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है. मतदान के 72 घंटा पूर्व बॉर्डर सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान की तिथि से 72 घंटा पूर्व विधि-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश मातहत अधिकारियों को दिया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव में असामाजिक और विघटनकारी तत्वों का जिला की सीमा में प्रवेश को रोकने के लिए अंतरराज?यीय एवं अंतरजिला सीमाएं सील की जाएं. वहीं मतदान के 48 घंटा पूर्व कल्याण मंडप, मैरिज हॉल, अतिथिगृह और धर्मशालाओं की निगरानी रखने के लिए कहा. साथ ही होटल, हॉस्टल, लॉज आदि की सघन जांच की जायेगी. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इनका उपयोग राजनीतिक दलों या अभ्यार्थियों द्वारा किसी भी तरह से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नहीं किया जाय. निर्वाचन आयोग के एसओपी के तहत मतदान के दिन अभ्यर्थियों के लिए एक वाहन, निर्वाचन अभिकर्ता के लिए एक वाहन और अभ्यर्थी के कार्यकर्ताओं अथवा दलीय कार्यकर्ताओं के लिए एक वाहन की ही अनुमति रहेगी. मतदान के दिन बूथों पर जाने के लिए निजी वाहनों को मतदान केंद्र के 200 मीटर की त्रिज्या के भीतर अनुमति नहीं होगी. वहीं मतदान के दिन केंद्र के 100 मीटर की परिधि में अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य को सेल?यूलर फोन, मोबाइल, बेतार दूरभाष आदि पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा.

चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होते ही होटल, लॉज व अन्य स्थानों पर बाहरी लोगों की खोज शुरू

# आज बूथों के लिए रवाना होगी पोलिंग पार्टी




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार की शाम 5 बजे राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान समाप्त हो गया. इसके साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी हरकत में आ गए. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए गठित विभिन्न कोषांग के अधिकारी तत्परता से अपनी गतिविधियों में जुट गए. खासकर चुनाव कार्य को प्रभावित करने वाली मशीनरी की खोजबीन शुरू कर दी गई. होटल, लॉज व अन्य स्थानों पर बाहरी लोगों की जिले में मौजूदगी की जांच तेज कर दी गई. पुलिस, दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता की टीम की ओर से जगह-जगह जांच अभियान शुरू कर दिया गया.चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के बाद जिला निवार्ची पदाधिकारी ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि मतदान के 48 घंटे पहले प्रचार समाप्त होने की प्रक्रिया का पालन कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को सभी छह विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टी रवाना होगी. एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका तथा जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज से जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी तथा जमशेदपुर पश्चिमी की पोलिंग पार्टी रवाना होगी. इसके लिए 12 नवंबर को सुबह 5 बजे से प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. उपायुक्त ने बताया कि जिले की अति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए 36 कलस्टर बनाए गए हैं. जहां मतदान दल 12 को पहुंचेगा तथा 13 नवंबर को अहले सुबह मतदान केंद्र पर पहुंचेगा.

### 81 लाख कैश समेत 10 करोड़ से ज्यादा की सामग्री जब्त

वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुलिस ने चेक पोस्ट एवं अन्य संदिग्ध जगहों पर छापेमारी करके 81 लाख रुपये कैश बरामद किया. साथ ही 19 लाख रुपये से ज्यादा के गांजा एवं अफीम बरामद किए गए. इसी तरह ए?क करोड़ 57 लाख से ज्यादा के कीमती सामान, चुनाव को प्रभावित करने लिए मंगाई गई मुफ्त में बांटी जाने वाली 7 करोड़ से ज्यादा की सामग्री बरामद की गई.

चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

# प्रेक्षकों ने पुलिस पदाधिकारियों को दिया अंतिम प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधानसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक देवब्रत दास एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार बड़कागांव एवं रामगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। वहीं चुनाव में होने वाले व्यवधान को दूर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। साथ ही सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो इसकी विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों द्वारा निर्देश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों से अपने-अपने कार्यों को अच्छी तरह से समझे उसके बाद ही कार्य करें, अगर किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने संबंधित वरीय पदाधिकारी से सहयोग लेने का निर्देश दी गई।

### सोसो मोड़ पर दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**गुमला।** गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित सोसो मोड़ पर रविवार रात को दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को पहले नजदीकी अनीता सेवा सदन में प्राथमिक उपचार दिया गया, फिर गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भाजपा द्वारा हवाई अड्डा मैदान पुग्गू में आयोजित कार्यक्रम में ड्यूटी समाप्त कर पीएचईडी विभाग के दो कर्मी आदित्य उरांव और अभिषेक उरांव रात लगभग 9:00 बजे अपनी बाइक से सोसो मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक अचानक बिना इंडिकेटर दिए मुड़ी, जिससे दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत पास के अनीता सेवा सदन में भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और बाइक चालकों को सड़क नियमों का पालन करने की सलाह दी है।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

— :: मतदाताओं से अपील ::—

लोकतंत्र का महापर्व विधानसभा आम चुनाव, 2024 के अन्तर्गत 22–बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक–13.11.2024, दिन–बुधवार एवं 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक–20.11.2024, दिन–बुधवार को निर्धारित है। उक्त तिथि को सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान कार्य हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही है। जिला प्रशासन, रामगढ़ के द्वारा सभी मतदाताओं से अपील किया जाता है कि किसी पार्टी के उम्मीदवार या अन्य द्वारा किसी प्रकार के प्रलोभन, रिश्वत, दबाव, लालच के बिना भयमुक्त होकर एक जागरूक नागरिक के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सफल, सुदृढ़ एवं जिम्मेदार लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने में भागीदार बनें।

"चुनाव का पर्व, देश का गर्व"

"रामगढ़ करेगा वोट"

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.340020 Election(24-25):D


प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदाताओं के बीच मतदान पर्ची का हुआ वितरण



### मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए तथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए लोगों को प्रेरित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रतियोगिता आदि करा कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया इस दौरान 80 प्लस वृद्ध मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं ढहऊमतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को वोट करेगा रामगढ़, अउ- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं अउ - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्वङ्ग के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

# अमित शाह की चुनावी सभा स्थगित, लोगों ने जतायी नाराजगी




**नवीन मेल संवाददाता। बसिया(गुमला)** बसिया अनुमंडल क्षेत्र में पहली बार आ रहे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पालकोट दौरा अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया। श्री शाह सोमवार को कोलेबिरा, सिसई व सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को पालकोट काली मंदिर के पास आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। अंतिम क्षण में उनके कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। एक तरफ जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में घोर निराशा का भाव देखा गया। वहीं श्री शाह को सुनने आई भीड़ के बीच नाराजगी का स्पष्ट भाव देखा गया। बताया जा रहा है कि पालकोट से पहले श्री शाह का कार्यक्रम सराईकेला व तमाड़ में तय था। वहां उन्होंने सभा को संबोधित भी किया परन्तु सराईकेला में बिलंब हो जाने का खामियाजा पालकोट को झेलना पड़ा। सोमवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था और जिला संगठन ने जाने अनजाने अंतिम घंटों के लिए यह कार्यक्रम लिया था। ऐसे में तीन बजे के बाद चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लग गया और श्री शाह सहित पूरे भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। ऐसे में मतदान के ठीक पहले एक प्रतिकूल स्थिति से निपटना अब भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए भारी साबित हो रहा है।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, सिमडेगा (झारखण्ड)

-: अपील :-

सिमडेगा जिला के समस्त मतदाताओं को लोकतंत्र के पर्व की अनंत शुभकामनाएँ । जैसा कि आप जानते हैं कि सिमडेगा जिला में विधानसभा चुनाव दिनांक 13 नवम्बर, 2024 को प्रातः 07 बजे से संध्या 05:00 बजे (कुल 61 अधिसूचित मतदान केन्द्रों में 04:00 बजे) तक होने जा रहा हैं। चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र, भयमुक्त, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपादित हो सके, इस हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है तथा इसके लिए व्यापक एवं समुचित व्यवस्था की गई हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुगम एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे जिले के सम्माननीय बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन, जो चलने में सक्षम नहीं है उन्हें मतदान स्थल पर लाने–ले जाने हेतु निःशुल्क वाहन, वॉलिंटियर एवं व्हील चेयर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएगी ।

लोकतंत्र में मतदान से अधिक महत्वपूर्ण अन्य कोई भी कार्य नहीं हो सकता । अतएव चुनाव के दिन सभी सरकारी / गैर सरकारी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में सवैतनिक अवकाश रखा गया है, ताकि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके ।

अतः 13 नवम्बर, 2024 को सर्वप्रथम आप अपने–अपने मतदान केन्द्र पर जाकर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें । मैं आप सभी से अपेक्षा रखता हूँ कि आप अपने परिवार, मित्रों, पड़ोसियों और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे ।

मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि हमारे जिले के सभी मतदाता निर्भीक होकर, स्वविवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे एवं अन्य सभी को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे ।

आइए, हम सब मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं । आपका एक वोट सिमडेगा के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा ।

मतदान स्थल– आपका मतदान केन्द्र
मतदान तिथि–13 नवम्बर 2024
मतदान का समय–प्रातः 07:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक
(कुल 61 अधिसूचित मतदान केन्द्रों को छोड़कर जहाँ 04:00 बजे मतदान समाप्त होगा।)

"फर्क पड़ता है, आपके एक वोट से"

अजय कुमार सिंह भा.प्र.से. जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, सिमडेगा (झारखण्ड)।

PR 340062 Simdega(24-25)D

## संपादकीय

### दिखावटी पर्व-त्योहार, प्रेम व विवाद

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर पर हिंदुओं की भावनाओं को ठोस पहुंचाने का आरोप लगा है। ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं ने आरोप लगाया है कि स्टार्मर के घर पर हुए दिवाली समारोह में नॉनवेज और शराब परोसी गई थी। ब्रिटिश हिंदू संगठन 'इनसाइट यूके' ने इसे लेकर आपत्ति जताई है। इनसाइट यूके ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से पहले सही राय लेनी चाहिए थी। पीएम स्टार्मर ने 29 अक्टूबर को अपने सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में दिवाली समारोह का आयोजन किया था। इनसाइट यूके ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिवाली सिर्फ एक उत्सव का समय नहीं है, बल्कि इसका गहरा धार्मिक महत्व है। दिवाली पवित्रता का त्योहार है इसलिए इसमें नॉनवेज फूड और शराब से बचना चाहिए। दरअसल यह भारत से शुरू हुआ एक दिखावटी पर्व त्यौहार प्रेम का यह नवीनतम रूप है जिसमें सांप्रदायिक सौहार्द के नाम पर लोग पारिवारिक आयोजन न कर राजनीतिक आयोजन करते हैं जिसमें श्रद्धा भक्ति कम दिखावा या पाखंड अधिक होता है। इसको इस प्रकार समझ सकते हैं की ईद समाप्त होने के महीनों बाद तक राजनीतिक लाभ के लिए अनेक लोग इफ्तार पार्टी का आयोजन करते हैं और उसमें बाकायदा कुर्ता पजामा से एक कदम आगे बढ़कर मुसलमानों की तरह टोपी पहनकर ईद की मुबारकबाद देते हुए मीडिया में तस्वीर चलाई जाती हैं। इसी प्रकार त्यौहार समाप्त होने के बाद होली मिलन, दशहरा मिलन करम,सरहुल मिलन या अनेक स्थानीय पर्व त्यौहार मनाने और अपने को धर्मनिरपेक्ष या किसी समुदाय विशेष का समर्थक घोषित करने की परंपरा चल पड़ी है। ऊपरी तौर पर इसमें कोई बुराई नहीं दिखती और ऐसा लगता है जैसे एक मंच पर बैठने पर समाज में एकता और भाईचारा इससे बढ़ सकता है लेकिन इसमें भावना सच्ची होनी चाहिए ना कि दिखावा। यह सद्भावना पर्व त्यौहार प्रेम या धर्मनिरपेक्षता कैमरों के ऑन रहते तक रहती है, फोटो या वीडियो बनने के बाद जिस प्रकार दिखावटी धरना प्रदर्शन समाप्त हो जाता है उसी प्रकार यह दिखावटी आयोजन भी समाप्त हो जाते हैं। यह जरूर कर सकते हैं कि कुछ लोग सचमुच सांप्रदायिक सौहार्द के लिए इस तरह के आयोजन करते हैं दोनों में अंतर यह रहता है कि जिस पर्व त्यौहार को मनाया जाता है उसकी पवित्रता उसकी मूल भावना बनाए रखते हुए और जिस समुदाय के साथ पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं उनसे दो मीठे बोल बोलकर इन्हें सफल किया जाता है न की फोटो खिंचाउ आयोजन करने से। आजकल सोशल मीडिया की बढ़ती दीवानगी और फेसबुक इंस्टा या रील बनाने के चक्कर में ऐसे आयोजनों की बाढ़ आ गई है जिसके माध्यम से लोग पैसे कमाने के लिए अजीब अजीब सी हरकतें करते हैं । उत्तराखंड में हुई प्राकृतिक आपदा के बाद एक अध्ययन में बताया गया कि वहां दिखावटी धार्मिक यात्राओं और धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थलों की तरह इस्तेमाल करने से क्षमता से अधिक यात्रियों की भारी संख्या और निर्माण कार्यों से दुकानदारों की अर्थव्यवस्था तो मजबूत हो गई पर पहाड़ की संस्कृति प्राकृतिक संरचना और सुरक्षा के मानकों का दोहन हुआ जिससे कुछ लोगों के अनुसार प्रकृति का कोध टूट पड़ा।

**यह सद्भाावना पर्व त्यौहार प्रेम या धर्मनिरपेक्षता कैमरों के ऑन रहने तक रहती है, फोटो या वीडियो बनने के बाद जिस प्रकार दिखावटी धरना-प्रदर्शन समाप्त हो जाते हैं, उसी प्रकार यह दिखावटी आयोजन भी समाप्त हो जाते हैं।**

# भारतीय रेलवे : पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित



**एके खंडेलवाल**
(सेवानिवृत्त सदस्य, इंफ्रा रेलवे बोर्ड पदेन सचिव, भारत सरकार)

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल-यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं।

सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000-01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2% लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58% और अमेरिका में मात्र 0.09% है। भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023-24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक 'प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्या' (एपीएमटीके) है, जो 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013-14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है। यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024-25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी। इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस-आधारित फॉग-पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014-15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013-14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड-गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं। लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।



## देश की बात

### दक्षेस की चुनौतियां और भारत की भूमिका



डॉ सत्यवान सौरभ

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस/सार्क) के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है। साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दशार्ता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है। पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

### चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?



आरके सिन्हा

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है ।सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई। यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे। स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू 'हिंदी - चीनी भाई-भाई' का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे। दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्म दिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष



**यदि आप अपने ध्यान को अंतर्मुखी करें तो आत्मा की आनंदमयी किरणों की अनुभूति की जा सकती है। अपने मन को भीतर के अदृश्य और अगोचर साम्राज्य में विचारों के सुंदर दृश्य का आनंद लेने का प्रशिक्षण देकर, इन अनुभूतियों को प्राप्त किया जा सकता है।**


### सुख की आंतरिक अवस्थाएं




श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रत्येक रात्रि को सोने से पहले और फिर सुबह अपनी दिनचर्या प्रारम्भ करने के पहले, कम से कम आधा घण्टा, अच्छा हो यदि अधिक समय, ध्यान में मौन एवं शान्त रहें। यह एक अदम्य, अटूट सुख की आन्तरिक आदत उत्पन्न करेगा जो आपको जीवन के सभी दैनिक संघर्षों की कठिन परिस्थितियों का सामना करने के योग्य बना देगा। अपने अन्तर में इस अपरिवर्तनशील आनन्द के साथ, अपनी दैनिक आवश्यकताओं की माँगों की पूर्ति में जुट जाएँ। यदि आप अपनी एकाग्रता के नेत्रों को बन्द रखते हैं, तो आप अपने वक्षस्थल में सुख के चमकते हुए सूर्य को नहीं देख सकते; परन्तु आप अपनी एकाग्रता के नेत्रों को चाहे कितना भी कसकर बन्द करें, यह तथ्य फिर भी रहता है कि सुख की किरणें आपके मन के बन्द द्वारों से प्रवेश करने के लिए सदैव प्रयासरत रहती हैं। शान्ति की खिड़कियों को खोल दें और आप अपनी ही आत्मा के भीतर आनन्द के चमकते सूर्य को अचानक प्रस्फुटित होता पाएँगे। यदि आप अपने ध्यान को अन्तमुर्खी करें तो आत्मा की आनन्दमयी किरणों की अनुभूति की जा सकती है। अपने मन को भीतर के अदृश्य और अगोचर साम्राज्य में विचारों के सुन्दर दृश्य का आनन्द लेने का प्रशिक्षण देकर, इन अनुभूतियों को प्राप्त किया जा सकता है। सुख को केवल सुन्दर वस्त्रों, साफ-सुथरे घरों, स्वादिष्ट प्रीतिभोजों, मुलायम गद्दों और विलासिताओं में न खोजें। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**बंद दिमागों के सभी, खोलो खिड़की - द्वार।**
**बाहर झांको तो सही, अद्भुत है संसार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## धर्म की बात

### 'कार्तिक मास : कृष्ण और कलयुग'



डॉ. रीना रवि मालपानी
कवयित्री एवं लेखिका

कार्तिक मास समापन की ओर अग्रसर है। कृष्ण (नारायण) आराधना के पाँच महत्वपूर्ण दिन शेष है। एकादशी के दिन नारायण योगनिद्रा से जाग्रत अवस्था में आ जाते है एवं सृष्टि के संचालन की बागडौर अपने हाथों में ले लेते है। हम सभी नैन बिछाए कृष्ण (नारायण) के जागने का इंतजार कर रहे है। कृष्ण सदैव धर्म के सूर्य को उदित कर सुंदर भोर को प्रसारित करते है।

हमारे पुराणों में भी उल्लेखित है कि जब समुद्र मंथन हुआ तो अमृत की प्राप्ति तो बाद में हुई सर्वप्रथम कालकूट विष निकला, यानि जीवन में हमें सबसे पहले विष को ग्रहण करना सीखना होगा तभी हम अमृत को गृहण करने योग्य होंगे। कलयुग में निंदा, आलोचना, कटाक्ष, उपहास इत्यादि सभी विष का स्वरूप है। अमृत के रसास्वादन से पहले हमें इनको गृहण करना होगा और वही हमारे लिए हितकारी भी होगा।

***परमेश्वर, परब्रह्म, अनादि और अनंत है श्रीकृष्ण।***
***सर्वस्व कलाओं से परिपूर्ण है श्रीकृष्ण।।***
***बंसी बजैय्या, शांतचित्त स्वरूप है श्रीकृष्ण। प्रेम के अनूठे और सच्चे उपासक है श्रीकृष्ण।।***

कृष्ण कितने अनूठे भगवान है, वस्त्र चोर कहे जाने वाले कृष्ण द्रौपदी की करुण पुकार सुनकर वस्त्र का अंबार लगा देते है और भक्त के मान-सम्मान की रक्षा करते है। कहते है ईश्वर निराकार है, पर भक्त के मनोरथ की पूर्ति के लिए अनूठी और अलौकिक लीलाएँ करते है। कभी बालक, कभी माखन चोर, कभी रणछौड़, कभी ग्वाला, कभी सारथी का रूप धारण करते है। जो कृष्ण हर बंधन से परे है वे कृष्ण ही मईया के हर बंधन को सहर्ष स्वीकार करते है। भक्ति के अधीन होकर भगवान क्या-क्या नहीं करते। कृष्ण का स्मरण जीवन को वात्सल्य और प्रेम से भर देता है। गजेंद्र मोक्ष की कथा में भी हमने देखा कि जब गज ने पूर्ण समर्पण से नारायण को पुकारा तो नारायण त्वरित उसकी सहायता के लिए प्रत्यक्ष हुए। कृष्ण को केवल हमारा अटूट विश्वास चाहिए। द्रौपदी को पहले विश्वास था कि सभा में मौजूद पाँचों पांडव उसकी रक्षा करेंगे एवं भीष्म पितामह व गुरु द्रौण भी उसे सुरक्षा प्रदान करेंगे, पर उसका भ्रम टूट गया और अंत में उसने पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति से कृष्ण का स्मरण किया और फिर उसका कोई संदेह नहीं रहा।

***कल्याण और हित का पर्याय है श्रीकृष्ण। अदम्य साहस के संचारक है श्रीकृष्ण।।***
***भक्तो के लिए सदैव तत्पर रहते है श्रीकृष्ण। गौमाता के सेवक, असाध्य को साध्य बनाते है श्रीकृष्ण।।***

कलयुग में हम अविश्वासी दुनिया में जी रहे है, जिसमें हमें अपने कुटुंब, अपनी माया एवं अपने झूठे मान पर विश्वास है, परंतु वह सर्वथा निरर्थक है। कठिन परिस्थिति में सच्चा सहाय केवल ईश्वर है। इसलिए मनुष्य योनि में उस ईश्वर को प्रत्येक स्थिति में स्मरण करते रहें। यहाँ भगवान के नाम जप की प्रधानता को बताया गया है। छोटे-छोटे उत्सव, त्यौहार हममें आध्यात्मिक ऊर्जा संचारित करने के लिए सम्मिलित किए गए है। कृष्ण नाम तो कल्याण का स्वरूप है जिसका स्मरण भक्त को दुनिया के प्रपंचों एवं चिंताओं से मुक्त कर देता है। कृष्ण अपने संदेश में हमें संशय से मुक्ति एवं कर्म की प्रधानता को ज्ञात कराते है।



कलयुग में हमारी जीवन-शैली, परिस्थितियाँ और परिवेश सब कुछ विषम है, जिसके कारण कभी-कभी मन में संशय एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, परंतु इस तनाव में हम कभी भी अपना विश्वास कृष्ण भक्ति अर्थात अपने आराध्य की भक्ति से डगमग न करें। ईश्वर प्रत्येक परिस्थिति में हमारा स्मरण चाहते है। सुख-दुःख, लाभ-हानि, यश-अपयश के बीच कृष्ण को नहीं भूलना है। ईश्वर की भक्ति के अलावा सब कुछ अस्थायी है। एकादशी से नारायण निद्रा से जागेंगे और हम भी अपने जीवन में भक्ति के सूर्य को देदीप्यमान करेंगे और इस भागती-दौड़ती दुनिया में कुछ क्षण ही सही पर ईश्वर से एकाकार करेंगे।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

बानो जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में झामुमो की चुनावी जनसभा

# एनडीए की सरकार बनी तो राज्य का विनाश होगा : कल्पना सोरेन




**नवीन मेल संवाददाता**

बानो। झामुमो की स्टार प्रचारक सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को तोरपा विधानसभा से झामुमो गठबंधन प्रत्याशी सुदीप गुड़ीया के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मंच से कल्पना मुर्मू सोरेन राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर खासकर मंईयां सम्मान योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

साथ ही साथ हेमंत सोरेन के 5 महीने के जेल जाने की घटना को उन्होंने लोगों के समक्ष रखा तथा जनसभा में मौजूद लोगों को याद दिलाया कि कैसे 2 साल कोरोना में काम करने का मौका नहीं मिला और उसके बाद 5 महीने के लिए राज्य के मुखिया को जेल में डाल दिया गया।

कल्पना सोरेन ने कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो राज्य का विनाश होगा, विकास कार्य कुछ नहीं होने वाला। ये लोग सिर्फ जातिवाद के नाम पर आम जनता को बरगलाने और राज्य में जातिवाद का भावना पैदा कर लोगों के बीच मतभेद पैदा करने का काम करते हैं। झारखंड सरकार के उपर केंद्र सरकार द्वारा लाख बाधा डालने के बावजूद हमलोगों ने कोरोना काल में देश में सबसे बेहतर काम झारखंड में की गई। बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर राज्य के जनता को फ्री में बिजली देने का काम किया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पचास लाख महिलाओं के खाते में प्रति माह एक-एक हजार पहुंचाने काम किया जिसके बाद दिसंबर से पुनः सरकार बनते ही 2500 रुपए देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार झारखंड में महागठबंधन के नेतृत्व में कई ऐसे काम हुए हैं जो कि किसी राज्य में नहीं हुआ है और आने वाले दिनों में हमारी सरकार सत्ता में आने के साथी सभी तरफ विकास करेंगी। मौके पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के लोक लुभावने वादे से दूर रहते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा पर विश्वास जताने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से तोरपा विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़ीया, झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, केन्द्रीय समिति सदस्य फिरोज अली, मोहम्मद शाहिद, केंद्रीय समिति सदस्य सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बिरजो कांडुलना, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, मनीर खान, खुर्शीद खान, अनस, विदेशिया बड़ाइक, झामुमो कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, प्रखंड सचिव वकील खान, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू डांग, युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, सहित हजारों की संख्या में जनसभा में लोगों की उपस्थिति रही।




ईवीएम डिस्पैच व रिसीविंग सेंटर में नियुक्त कर्मियों को डीसी ने किया संबोधित, कहा

# डिस्पैच के दिन समय का विशेष ध्यान रखें, कर्तव्य का करें निर्वहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। इस दौरान देर शाम सिमडेगा कॉलेज में डिस्पैच एवं ईवीएम रिसिविंग के लिए प्रतिनियुक्ति कर्मियों का प्रशिक्षण -सह- ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने सभी कर्मियों को डिस्पैच के दिन समय का विशेष ध्यान रखते हुए अपने कार्य दायित्व का निर्वाहन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कर्मियों को 6:30 बजे तक डिस्पैच सेंटर पहुंच जाना है। जैसे ही मतदानकर्मी और सेक्टर पदाधिकारी अपने टीम के साथ डिस्पैच सेंटर पहुंचे हैं तो उनकी टेबल पर मतदान करने से संबंधित सामग्री बैग दे देंगे। सभी मतदान कर्मियों द्वारा सामग्री का मिलान करने के पश्चात उन्हें समय से ईवीएम दे कर अच्छे से मिलान करते हुए यहां से मतदान केंद्र के लिए रवाना करा देना है। सभी मतदान कर्मियों डिस्पैच सेंटर से समय पर रवाना होंगे। उसे अपने मतदान केंद्र एवं क्लस्टर तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। 3:00 तक सभी पोलिंग पार्टियों को अपने स्थान पर पहुंचना है इसे सुनिश्चित करेंगे। सामग्री का मिलन के दौरान किसी प्रकार की सामग्री में कोई कमी हो तो तुरन्त उस सामग्री मतदान कर्मी देंगे। किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो उसका भी तुरंत रिफ्लेक्स करेंगे। उन्होंने ईवीएम मशीन रिसिविंग के दिन पीठासीन पदाधिकारी की डायरी का मिलन करते समय प्रपत्र की विशेष रूप से मिलान करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने ईवीएम रिसिविंग से संबंधित अन्य कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते रिसिविंग करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण दिशा- निर्देश दिये। मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, डीसीएलआर अरुणा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, सदर अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कांग्रेसी नेताओं ने लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर बांसजोर प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों को बताया गया कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार ने बहुत काम किया है। आने वाले दिनों में जनता से जुड़े हर वादों को पूरा किया जाएगा। वहीं कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ और झूठे वादों की बुनियाद पर सरकार बनना चाहती है जिसे जनता जानती है। इसलिए सभी लोग सतर्क रहकर आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सहयोग करें। वारिस रजा ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार सह विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के पक्ष में प्रचार कर वोट मांगा। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन को मजबूत कर फिर से हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना है। झारखंड में विकास की गंगा को बहना है। इंडिया गठबंधन की सरकार ने झारखंड में गरीबों महिलाओं, बच्चों, आदिवासियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है। आगे भी विकास होगा। मौके पर झारखण्ड युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव वारिस रजा, सिमडेगा कांग्रेस वरिष्ठ नेता अजीत सागर नवरंगी, रावेल लकड़ा, बांसजोर प्रखंड प्रवेक्षक अमित डुंगडुंग, प्रभारी संजय हेरेंज, पूर्व वार्ड पार्षद कुलदीप किंडो, मनीष कुजूर, अनुपम कुजूर, अशोक तिर्की, अजय डुंगडुंग, सुनील कंडुलना, सुजीत टेटे आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी कल्याण परिषद ने आरक्षण को लेकर दाखिल की याचिका

**सिमडेगा।** ओबीसी कल्याण परिषद ने ओबीसी समाज को आरक्षण दिलाने को लेकर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की है। इस संबंध में परिषद के विष्णु साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के सात जिलों सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिम सिंहभूम, लातेहार और दुमका में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने तथा अन्य जिलों का आरक्षण 27% से कम करने के कारण ओबीसी समुदाय के लोगों को चौकीदार का नौकरी मिलना भी मुश्किल हो गया। इसके विरोध में ओबीसी कल्याण परिषद् के बेरोजगार सदस्यों ने सोमवार को झारखण्ड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल किया।

## पत्रकारों ने बोलबा प्रखण्ड में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में पत्रकारों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर बोलबा प्रखण्ड के पत्रकारों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय सहित लेटाबेड़ा, कछुपानी, मछकट्टा, मालसाडा, पीडियापोंछ एवं अन्य स्थानों में मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया एवं वोट के महत्व को बताया। साथ ही मतदान की प्रक्रिया,वोट डालने का तरीका आदि की बताया गया।

# पुलिस व जैप के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**



13 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर कुरडेग पुलिस तथा जैप के जवानों ने सोमवार को थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस तथा जैप के अधिकारियों तथा जवानों ने आम लोगों को निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने का विश्वास दिलाया। मतदाताओं को निर्भीक रूप से मतदान करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस तथा जैप के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। कुरडेग थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च शुरू किया गया जो थाना परिसर से चलकर बस स्टैण्ड, झिरकामुण्डा, प्रकाला, कदमटोली, घाघमुण्डा से वापस आकर थाना पर समाप्त हुआ।

इस दौरान थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस और जैप द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। थाना क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र या क्षेत्र हैं वहां पर पूरी निगरानी रखी जा रही है तथा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। वहीं उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट से गुजरनेवाली प्रत्येक वाहन को बारीकी से जांच किया जा रहा है। संदिग्ध किस्म के लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से कहा गया कि मतदान के दौरान उन्हें कोई भी व्यक्ति किसी तरह से प्रभावित करता है तो तत्काल पुलिस को सुचित करें तथा अन्य गैर कानूनी कार्य करने वालों के बारे में भी पुलिस को निःसंकोच सूचना दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जा सके।

सिमडेगा में मतदान से पूर्व की अवधि में एहतियात का निर्देश

# प्रत्याशियों पर नजर रखने के लिए उड़नदस्ता टीम का किया गया गठन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदान दल को रवाना करने के लिए सिमडेगा कॉलेज, डिस्पैच सेंटर, वोटिंग मशीन जमा करने, बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र के तौर पर चिन्हित किया गया है। सिमडेगा विस में 304 और कोलेबिरा में 270 मतदान केंद्र हैं। पोलिंग पार्टी को मतदान तिथि से एक दिवस पूर्व यानी 12 नवंबर मंगलवार को रवाना किया जाएगा। इसी के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सीरवि शंकर, कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गंधम चंद्रूडू, दोनों विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक कन्नन नारायण, दोनों विधानसभा क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक राजन टी सुसरा एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, आरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो की उपस्थिति में मतदान से पूर्व अंतिम 72 घंटे की अवधि के लिए जारी दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर बैठक किया। बैठक में बताया गया कि मतदान दिवस पूर्व से मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व तक के दौरान उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान तीव्र होता है। अतः यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी पार्टी या उम्मीदवार सोमवार शाम के 05:00 से किसी प्रकार की रैली जनसभा/कैंपेन करने या किसी प्रकार की प्रचार प्रसार करने की इजाजत नहीं होगी। सोमवार शाम के 5:00 बजे के बाद से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कहीं ना हो इस हेतु उड़नदस्ते व स्टेटिक टीमें को हाई अलर्ट रुप से कार्य करेंगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र से लेकर पूरे इलाके पर चुनाव पर समस्या उत्पन्न करने वाले असलहाधारियों पर नजर रखी जाएगी और हाईवे पर भी कड़ी निगरानी रखने की बात कहीं गई। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी राजनीतिक पार्टी द्वारा खस्सी भात या किसी प्रकार का लंगर का आयोजन किया जा रहा इसे देखने की बात कहीं। बाहर राज्य का कोई भी व्यक्ति यहां ना रहे इसे सुनिश्चित करेंगे। सोशल मीडिया पर एमसीएमसी कोषांग को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन से संबंधित कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। ड्राई डे की सूचना मीडिया के माध्यम सूचित किया जाए। बूथों से 100 मीटर की दूरी के गाइड लाइन का अनुपालन हो ।मतदान के कतार में कोई भी व्यक्ति किसी राजनीतिक सिम्बल की टोपी,या टी शर्ट पहने न दिखे। बल्क एसएमएस पर निगरानी रखी जाए। मतदान दिन कैंडिडेट को एक वाहन तथा अभिकर्ता को एक वाहन ही हो ।सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक द्वारा इंटर स्टेट चेक पोस्ट सहित सभी इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रत्येक छोटी-बड़ी गाड़ीयों का अच्छे से जांच करने की बात कहीं। उन्होंने शराब एवं लोकल महुआ शराब पर पाबंदी लगाने की बात कहीं। ये सब जहां कहीं भी वितरण हो तो पकड़ी जाय ।सही एक्शन लेने का निर्देश दिया गया। बल एवं पोलिंग पार्टी के ठहरने वाले स्थलों में पानी,बिजली,शौचालय सही हो ।पोलिंग पार्टी पी 1 को रुकने के स्थल पहुंचें ।वहां खाने-पीने,ठहरने की व्यवस्था हो ।सभी अपने नोडल अफसर का मोबाइल नंबर रखें। जिला नियंत्रण कक्ष के साथ समस्या निवारण हेतु वरीयता क्रम में सूचित करें ।बूथ से 200 मीटर की परिधि के नियमों का पालन हो ।सोशल मीडिया की निगरानी सतत रहे ।बूथ के अंदर मोबाइल लेकर कोई न जाय ।71 कोलेबिरा के सामान्य प्रेक्षक गंधम चंद्रदु ने 48 घंटे को अति क्रुसीएल समय बताया ।मतदान के पूर्व रात्रि में मतदाताओं को लुभाने की ओर ज्यादा कार्य होने से रोकें ।शराब,पैसे वितरण आदि पर कड़ी नजर रखी जाए ।क्यूआरटी को अलर्ट किया जाय ।सेक्टर मजिस्ट्रेट सतर्क रहें ।सूचना के लिए अपना नंबर साझा की। व्यय प्रेक्षक कैनन नारायणन ने अंतर राज्यीय चेक पोस्ट बांसजोर ,सी विजिल की शिकायतों के निबटारा, फ्लाइंग स्क्वाड,स्टैटिक सर्विलांस,तथा पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश दिया। पुलिस प्रेक्षक ने समय पर मतदान टीम को पहुंचाने, किसी कर्मी के अस्वस्थ होने पर फस्ट ऐड या रिप्लेस करने,शेडो एरिया के आवश्यक निर्देश का पालन करने, मोबाइल चार्जिंग व्यवस्था ठीक रखने का निर्देश दिया ताकि कम्युनिकेशन में दिक्कत ना हो।

## कोचे मुंडा के पक्ष में निकाली बाइक रैली

**बानो।** प्रखंड के भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यों ने बानो चौक से बाइक रैली निकाली। बाइक रैली बानो कोनसोदे जीतू टोली, सिकोरदा होते हुए बानो पहुंची। भाजयुमो के सदस्यों ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर जनसमर्थन मांगा। मौके पर बालमुकुंद सिंह, धीरज गुप्ता, सुजित सिंह, वेद प्रकाश खत्री, रवि सिंह, दीपक, मदन सिंह, विकास कुमार सिंघल, अमित सोनी, विनित गोयल, राज राजन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# दिलीप प्रधान हॉकी टूर्नामेंट: बालक वर्ग में बासेन व बालिका में पाईकपारा विजयी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



सिमडेगा के सिकरीबिउरा में स्वर्गीय दिलीप कुमार प्रधान की द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर ग्रामीणों द्वारा बालक-बालिका हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसका समापन हुआ। टूर्नामेंट में बालक वर्ग में बासेन को प्रथम व गोंडवाना भवन छात्रावास को द्वितीय स्थान मला जबिक बालिका वर्ग में पाईकपारा विजेता रही। सभी वजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री स्व. दिलीप कुमार प्रधान की पत्नी विमला प्रधान उपस्थित हुई। सबसे पहले उन्होंने तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद खेल की शुरूआत हुई। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप कुमार प्रधान की जीवनी से हमें कई चीज सीख लेने की आवश्यकता है। उनका छात्र जीवन का संघर्ष शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान तथा युवाओं के लिए यह प्रेरणा स्त्रोत के रूप में काम किया। वह हमेशा एक संघर्षशील और सामाजिक व्यक्ति के रूप में समझ में जाने जाते थे जिनका योगदान समाज में बढ़-चढ़ कर रहा। मौके पर पूर्व मंत्री ने भी उनके कार्यों को याद करते हुए भावुक हुई। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सदैव दूसरों की सेवा में बिता। उन्होंने हमेशा समाज की भलाई के लिए नई-नई सोच को लाने का प्रयास किया जिससे कि समाज में फैली अंधविश्वास एवं बुराई को दूर किया जा सके। इस मौके पर झारखंड प्रदेश गोंड आदिवासी महासभा के अध्यक्ष, महासचिव एवं पदाधिकारी गण की उपस्थिति थी।

# पति ने पत्नी की पिटाई के बाद पिलाया कीटनाशक,गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोंनमेंजरा गांव में सोमवार की सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पति ने अपनी पत्नी की मारपीट करने के बाद घर में रखे कीटनाशक पिलाकर हत्या करने का प्रयास किया। इधर तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार चल रही है। जानकारी के अनुसार कोंनमेजरा गांव निवासी रुखसाना खातून के पति मोहम्मद साबिर द्वारा किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई। इसके बाद पति ने उसके साथ मारपीट किया। वहीं घर में रखे कीटनाशक का घोल उसे पिला दिया। बाद में उसकी तबीयत बिगड़ गई। आसपास के पड़ोसी ने इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रहा है। इधर मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई है।

# मौलाना अबुल कलाम ने आधुनिक भारत को आकार देने में निभाई अहम भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**




देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर सेंट्रल अंजुमन इस्लामियां ने सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर मौलाना आजाद साहब को याद किया गया। सदर मो. ग्यास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और लोगों को मौलाना के जीवनी से अवगत कराया। जमीअत उलेमा झारखंड के सदर मौलाना मिन्हाज ने कहा कि भारत हर साल राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है। यह दिन देश के पहले शिक्षा मंत्री के सम्मान में मनाया जाता है। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष भी थे। उनका नेतृत्व क्षमता और सोच ने भी आधुनिक भारत को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने आईआईटी और यूजीसी जैसे संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 11 नवंबर मौलाना आजाद की जयंती का दिन है। यह दिन शिक्षा मंत्री के रूप में मौलाना अबुल कलाम आजाद के योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। 1920 में उन्हें अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना के लिए बनी समिति में चुना गया था। बाद में मौलाना आजाद ने साल 1934 में विश्वविद्यालय परिसर को नई दिल्ली ट्रांसफर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज परिसर के मुख्य द्वार का नाम उनके नाम पर है। कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद एक विद्वान,स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद थे। आईआईटी और यूजीसी की स्थापना में उनकी अहम भूमिका थी। उन्होंने स्वतंत्र भारत को आकार देने वाले एक प्रमुख शिल्पकार की भूमिका निभाई थी। भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में, उन्होंने ग्रामीण गरीबों और लड़कियों को शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया

**बानो।** एलिस शैक्षणिक संस्थान बानो में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक बिमल कुमार ने डॉ अबुल कलाम आजाद की जयंती पर शुभ कामनाएं दी। डॉ कलाम आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में बहुत महत्वपूर्ण काम किये। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और दूसरे तकनीकी, अनुसंधात्मक और सांस्कृतिक संस्थाएं उन्ही की देन है। संस्थान की शिक्षिका सुष्मिता सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रकाश डालते हुए कही कि आज पूरे देश में शिक्षा निश्चित रूप से किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती है। शिक्षा किसी के ज्ञान, कौशल को बेहतर बनाती है और व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को विकसित करती है।

# शिशु मंदिर के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



विधानसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा पुलिस के तत्वाधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के छात्रों ने सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मतदाता जागरूकता अभियान सिमडेगा शहर स्थित सलडेगा क्षेत्र में निकाली गयी। विद्यालय के छात्रों द्वारा अभियान चला कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ताकि मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो सके। छात्र एवं छात्राओं ने जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं से निवेदन किया कि वे 13 नवंबर को अपने सारे कार्य छोड़कर राष्ट्र हित में शत-प्रतिशत मतदान करें। पहले करें मतदान फिर करें जलपान उक्ति को चरितार्थ करते हुए अपना बहुमूल्य वोट अपने पसंद के उम्मीदवार को देकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अवश्य सम्मिलित हो। इस अवसर पर सिमडेगा थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति, सिमडेगा थाना से अनिल कुमार हांसदा, चंद्र मोहन होरो आदि तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक और विद्यालय के आचार्य सहित सैकड़ो छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# नए सीजेआई की नियुक्ति ज. एचआर खन्ना की विरासत को नमन : हितेश जैन

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता हितेश जैन ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर जस्टिस संजीव खन्ना की नियुक्ति को गौरव का पल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेना हमारे लिए न्याय का एक गौरवपूर्ण क्षण है। मुख्य न्यायाधीश खन्ना न केवल एक प्रतिष्ठित न्यायविद हैं, बल्कि उनकी नियुक्ति उनके अंकल दिवंगत न्यायमूर्ति एचआर खन्ना के बलिदानों का मान भी है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायमूर्ति एचआर खन्ना को इस कारण से मुख्य न्यायाधीश बनने का मौका नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने कांग्रेस के 1975-1977 के आपातकाल के खिलाफ खड़े होने का साहस दिखाया था। उस समय इंदिरा गांधी की सरकार ने विरोध और लोकतंत्र को कुचल दिया था। यह शासन इतना दमनकारी था। उन्होंने आगे कहा आज हम राहुल गांधी को संविधान का रक्षक कहते सुनते हैं। जस्टिस एचआर खन्ना की कहानी याद दिलाती है कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में लोकतंत्र नहीं है। आइए आज जस्टिस एच आर खन्ना की उस विरासत को भी याद करें - कांग्रेस के अधिनायकवाद के खिलाफ साहस की विरासत। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि किसने हमारे संविधान को खंडित करने की कोशिश की और कौन इसकी रक्षा के लिए खड़ा हुआ। उल्लेखनीय है कि भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख पूर्व जज एचआर खन्ना के भतीजे हैं। जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज के पद पर भी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। जस्टिस संजीव खन्ना को 18 जनवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में पदोन्नति किया गया था। वह कई ऐतिहासिक फैसलों का अहम हिस्सा रह चुके हैं।

## इंदिरा गांधी ने एचआर खन्ना को नहीं बनने दिया था सीजेआई



जस्टिस संजिव खन्ना के सीजेआई पद की शपथ लेते ही इंदिरा गांधी सरकार में हुआ एक ऐतिहासिक अन्याय की भरपाई हो गई। वह अन्याय 48 वर्ष पहले 1976 में हुआ था जब इंदिरा गांधी सरकार ने जस्टिस संजीव खन्ना के चाचा जस्टिस हंस राज खन्ना के साथ अन्याय करते हुए उनके जूनियर जस्टिस मिर्जा हमीदुल्लाह बेग (जस्टिस एमएच बेग) को देश का 15वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया था। दरअसल, जस्टिस एचआर खन्ना ने आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार के खिलाफ ऐतिहासिक फैसला दिया था। इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 को देश में आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। इंदिरा ने तब संविधान के अनुच्छेद 359(1) का इस्तेमाल करते हुए नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे। हजारों लोगों को आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन कानून (मीसा) के तहत जेल में डाल दिया गया था। तब विभिन्न अदालतों में मुकदमे दर्ज होने लगे थे और अलग-अलग कोर्ट से अलग-अलग फैसले आने लगे थे। कई उच्च न्यायालयों ने रिट याचिकाओं के जरिए मीसा के तहत बंद कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया।

### आपातकाल में बनी संवैधानिक पीठ के जजों की भूमिका

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए पांच जजों की एक संवैधानिक पीठ बनाई। इस पीठ में तत्कालीन चीफ जस्टिस एएन रे, जस्टिस एमएच बेग, जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़, जस्टिस पीएन भवगती और जस्टिस एचआर खन्ना शामिल थे। इंदिरा गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 359(1) का हवाला देकर दावा किया कि आपातकाल में राज्य किसी भी मौलिक अधिकार को निलंबित कर सकता है, भले ही वह अनुच्छेद 21 के तहत मिला गैरकानूनी हिरासत के खिलाफ अधिकार ही क्यों न हो। सरकार ने यहां तक कहा कि सैद्धांतिक रूप से आपातकाल के दौरान राज्य जीवन भी ले सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ पर इंदिरा सरकार के पक्ष में फैसला देने का भारी दबाव था। पांच में से चार जजों ने मान लिया कि सरकार किसी भी मौलिक अधिकार को निलंबित कर सकती है और लोग सवाल नहीं उठा सकते हैं। केवल एक जज ने कड़ा विरोध जताया- वे जज थे जस्टिस एचार खन्ना, जस्टिस संजीव खन्ना के चाचा।

### बंदी प्रत्यक्षीकरण का वो ऐतिहासिक मामला

इस दौरान एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया- एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला का जिसे बंदी प्रत्यक्षीकरण केस 1976 के नाम से भी जाना जाता है। यह केस भारतीय न्यायिक इतिहास के मील का पत्थर है। इस पर इंदिरा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट को ऐतिहासिक निर्णय देना था कि क्या सरकार ऐसे मनमाने फैसले ले सकती है? क्या अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है? क्या रिट याचिका दायर करने का अधिकार भी निलंबित किया जा सकता है?

# अखिलेश यादव ने आजम खान की पत्नी से की मुलाकात

एजेंसी। रामपुर



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को रामपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार से मुलाकात की। उनके साथ रामपुर के सांसद मोहिब्बुल्लाह भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने आजम खान की पत्नी तजीन फात्मा से करीब आधे घंटे तक बातचीत की। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह आजम खान के साथ हैं और आजम खान की लड़ाई लड़ने के लिए वह हमेशा आगे रहेंगे। अखिलेश यादव ने आजम खान और उनके परिवार के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आजम खान पर जो भी झूठे केस दर्ज किए गए हैं, सपा सरकार आने पर उन मामलों को खत्म किया जाएगा। उन्होंने न्यायालय से उम्मीद जताई कि आजम खान को जल्द ही इंसाफ मिलेगा। जब आजम खान पर दर्ज कई मामलों में सपा के रवैये पर सवाल किया गया तो अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि सपा ने अपनी पूरी ताकत से लड़ाई लड़ी है। सपा मुखिया ने कहा कि भगवान जानता है, सपा जानती है, कोर्ट जानता है कि हम लोगों ने कितनी मेहनत की है। हम लगातार लड़ाई

# चेन्नई में फेमा के उल्लंघन में दस स्थानों पर ईडी के छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के मामले चेन्नई में कई स्थानों पर छापेमारी की है। ईडी की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है। भारत में विदेशी ई-कॉमर्स संस्थाओं के संचालन, विशेष रूप से विनियामक अनुपालन और निष्पक्ष बाजार प्रथाओं के संबंध में ईडी कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज मामलों को लेकर ईडी की टीमों ने सोमवार को दस स्थानों पर छापा मारा है। अधिकारी इन ठिकानों की तलाशी ले रहे हैं।

# कुछ छोटी समझ के लोग समाज को बांटने की रच रहे साजिश

## हमें मिलकर इसे करना होगा नाकाम : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नडियाद / नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने वालों के प्रति आगाह करते हुए सोमवार को कहा कि दुर्भाग्य से निहित स्वार्थ और छोटी समझ के कारण भारत के उज्ज्वल भविष्य के महत्वकांक्षी उद्देश्यों को भूलकर कुछ लोग समाज को जाति, धर्म, भाषा, ऊंच-नीच, स्त्री-पुरुष, गांव-शहर आदि के आधार पर टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश चल रही है। विकसित राष्ट्र के लिए एकता को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें मिलकर देशविरोधियों की बांटने की कोशिशों को नाकाम करना होगा। प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री स्वामीनारायण ने बताया है कि बड़े लक्ष्य कठोर तप से हासिल होते हैं। राष्ट्र को निर्णायक दिशा दिखाने की क्षमता युवा मन में होती है। युवा, राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और करेंगे, इसके लिए हमें सशक्त और शिक्षित युवाओं का निर्माण करना होगा। 'विकसित भारत' के लिए हमारे युवा सशक्त होने चाहिए। स्किल्ड युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

### मंदिर की अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा

उन्होंने कहा कि 200 साल पहले जिस वडताल धाम की स्थापना भगवान श्री स्वामीनारायण ने की थी हमने आज भी उसकी अध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा है। हम आज भी यहां भगवान श्री स्वामीनारायण की शिक्षाओं को, उनकी ऊर्जा को अनुभव कर सकते हैं। स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो सौ रुपये का एक चांदी का सिक्का और स्मारक डाक डिकट भी जारी किया है। इस सिक्के का वजन 44 ग्राम है और उस पर सोने की परत चढ़ी है। जिस पर वडताल मंदिर की प्रतिकृति अंकित है। उन्होंने समस्त स्वामीनारायण परिवार के संत महात्माओं से आग्रह किया कि विकसित भारत के महान उद्देश्य से जन-जन को जोड़ें। कहा, आने वाले 25 वर्ष तक विकसित भारत के उद्देश्य को जीना है।

# 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केंद्रों पर मुफ्तद्ध अल्ट्रासाउंड की सौगात

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश की गर्भवती महिलाओं को पीपीपी मोड पर फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रुपी वाउचर की सुविधा फरवरी 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दी जा रही है। मिशन निदेशक ने बताया कि सुविधा का लाभ देने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में 1,861 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को इम्पैनल्ड किया गया है। शासन द्वारा अब तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई-रुपी वाउचर जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई-रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है।

# आयोग ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी दो शिकायतों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने एक तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर नोटिस जारी किया है वहीं दूसरी तरफ तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन की शिकायत का निपटान करते हुए तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। उधर, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन को पत्र लिखकर आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल उपचुनावों पर तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। किसी भी देरी या निष्क्रियता के तृणमूल कांग्रेस के आरोप को आयोग ने खारिज किया है। ईसी का निर्देश है कि राज्य पुलिसकर्मी हमेशा सीएपीएफ के नेतृत्व वाली टीम का हिस्सा रहेंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत: आलस्य का त्याग करें।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

# मिथुन को जान से मारने की धमकी, पाकिस्तान से आया धमकी भरा वीडियो



**कोलकाता।** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध वरिष्ठ अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है। पाकिस्तान के शहजादा भट्टी नामक एक गैंगस्टर ने वीडियो संदेश के जरिए मिथुन को धमकी दी है। इस वीडियो में कहा गया है कि मिथुन के हालिया बयान से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, जिसके बदले में उन्हें जान से मारने की चेतावनी दी गई है। वीडियो में मिथुन को 10-15 दिनों के अंदर माफी मांगने की समय सीमा दी गई है, अन्यथा उनकी जान को खतरा बताया गया है। उल्लेखनीय है कि मिथुन चक्रवर्ती वर्ष 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत करने के लिए मिथुन कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित ईजेडसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

# कर्नाटक के युवक पर आवारा कुत्ते से 'बलात्कार के प्रयास' का मामला दर्ज

**चिकमंगलुरु।** कर्नाटक के चिकमंगलुरु जिले से एक विभत्स खबर सामने आई है। यहां एक युवक पर आवारा कुत्ते के साथ 'बलात्कार के प्रयास' का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला चिकमंगलुरु शहर के जयापुरा थाना क्षेत्र से सामने आया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान चिकमंगलुरु के कट्टिमने इलाके के निवासी शिवराजा के रूप में की है। इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 अक्टूबर को जयनगर बस स्टॉप पर हुई थी, लेकिन 9 नवंबर को बस स्टॉप में एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद अश्लील हरकत वाला वीडियो सामने आने के बाद इसका खुलासा हुआ। इसमें आरोपी कुत्ते से साथ अश्लील हरकतें करता हुआ दिख रहा है। पुलिस ने बीट कांस्टेबल की शिकायत पर घटना पर संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस घटना से लोगों और पशु प्रेमियों में आक्रोश है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे घटना के बारे में पूछताछ की जाएगी।

# हावर्ड विवि के लीडरशिप पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएगी बिहार के शरद सागर की कहानी

**नई दिल्ली।** बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी शरद विवेक सागर की कहानी को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा नेतृत्व पर प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम नेतृत्व, उद्यमिता और शिक्षण में शामिल किया गया है। सागर विश्व के 12 सामाजिक उद्यमियों में से एक हैं, जिनकी जीवनयात्रा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में हार्वर्ड के प्रोफेसरों द्वारा शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर मोनिका सी. हिगिंस और डॉ. उचे अमेची द्वारा संयुक्त रूप से पढ़ाया जाता है। कोर्स मॉड्यूल के अंतर्गत प्रोफेसर मोनिका हिगिंस और उचे अमेची ने हावर्ड विश्वविद्यालय के पॉडकास्ट में शरद सागर का साक्षात्कार किया, जिसमें सागर के जीवन, कार्य और यात्रा के बारे में समझा और और उसे रिकॉर्ड किया।



# 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए 130 मतदानकर्मी व 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट को किया गया रवाना





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधासभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण के तहत लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को चुनाव होना है। इसी के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए 148 पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारियों को रवाना किया गया।

इसके अलावे डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ 13 मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ट्रेन से अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। 166 मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों को अन्य वाहनों के माध्यम से रवाना किया गया। मनिका विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कुल 244 मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से प्रथम चरण में 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने गंतव्य स्थल मतदान केंद्रों पर अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ जाकर पूरी सतर्कता से कार्य करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

ज्ञात हो कि 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी डिस्पैच संबंधी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थित एवं देख-रेख में निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन करते हुए पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया। पार्टी मिलान करते हुए मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए ईवीएमझ्र वीवीपीएटी समेत अन्य सभी आवश्यक सामग्री मुहैया कराई गई। हेलीकॉप्टर, ट्रेन एवं वाहन के माध्यम से 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को रवाना किया गया।

## चतरा में 32 बूथों पर मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना



**चतरा।** विधानसभा निर्वाचन-2024 के तहत चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों पर निर्वाचन कार्य संपन्न करवाने के लिए सोमवार को 32 मतदान केंद्रों के लिए पी-2 को गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा पोलिंग पार्टी का उत्साह वर्धन किया गया। पी-2 पोलिंग पार्टी में मतदान कराने को लेकर उत्साह दिखा। आज वैसे मतदान कर्मी जो चुनाव के दिन ड्यूटी में रहेंगे उन्हें चतरा कॉलेज चतरा में संचालित मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग कराया गया।

## ग्रामीण बैंक की खिड़की तोड़कर लॉकर से दस लाख की हुई चोरी

**मेदिनीनगर।** जिले में बदमाशों ने खिड़की की ग्रिल एवं शीशा उखाड़ कर बैंक के लॉकर से 10 लाख रुपये गायब कर दिए। चोरी की यह घटना रविवार देर शाम हुई लेकिन इसकी जानकारी सोमवार को बैंक खुलने के समय सुबह 10 बजे हुई। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की बेलवाटिका शाखा खुलने के निर्धारित समय पर बैंककर्मी मानकी ओनहागा जब पहुंचे और शटर खोलकर अंदर गए तो देखा कि खिड़की टूटी हुई है। खिड़की में लगे लोहे के हिस्से गायब थे। बैंक के अंदर आलमारी टूटी हुई थी। पास में लॉकर भी खुला हुआ था। बैंककर्मी ने घटना की जानकारी शाखा प्रबंधक सरोज कुमारी को दी। शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सूचना मिलने पर शहर थाना से पुलिस भी पहुंची। बैंक मैनेजर सरोज कुमारी ने बताया कि पैसा रखने वाले लॉकर की चाभी बैंक के आलमीरा में रखी जाती है। चोर ने आलमीरा तोड़ा तो उसमें लॉकर की चाभी उसके हाथ लग गई। लॉकर में 13 लाख 25 हजार रुपये थे। चोरों ने सारे पैसे निकाल लिए थे लेकिन वह 10 लाख रुपये लेकर जा सके। तीन लाख 25 हजार रुपये खिड़की के पास गिरा हुआ मिला।

### पलामू के 227 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

# 12 पोलिंग बूथ बदले गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। इसके लिए जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गए 1796 मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टी को सोमवार से रवाना किया जा रहा है। पहले दिन 227 मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। शेष मतदान केन्द्रों के लिए मंगलवार को रवाना होंगी। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले गढ़वा जिले के भंडरिया इलाके के कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा जायेगा। चियांकी हवाई अड्डा से हेलीकॉप्टर सभी को लेकर उड़ान भरेगा।

जीएलए कॉलेज परिसर से सभी मतदान कर्मियों को रवाना किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं मतदानकर्मियों को रवाना किया। उन्होंने बताया कि पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्र डालटनगंज, पांकी, विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद में बनाये गए 1796 मतदान केन्द्रों के लिए सोमवार को 227 पोलिंग पार्टी को रवाान किया गया। सुरक्षा कारणों से 12 मतदान केन्द्रों को बदला गया है। पांकी और डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में चार-चार, हुसैनाबाद में तीन एवं छतरपुर में एक मतदान केन्द्र रीलोकेट किया गया है।

डीइओ ने कहा कि जीएलए कॉलेज परिसर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां से रवाना हो रही पोलिंग पार्टियां आज संबंधित क्षेत्र के क्लस्टर में ठहरेगी और मंगलवार देर शाम मतदान केन्द्र के लिए रवाना होगी। क्लस्टर में भी स्टांग रूम बनाये गए हैं और केन्द्रीय बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां शाम चार बजे तक ही मतदान होगा, वहां की पोलिंग पार्टी उसी दिन वापस लौट आयेगी। दूरदराज के क्षेत्रों की पोलिंग पार्टी अगले दिन वापस आयेगी।



**इन मतदान केन्द्रों को किया रीलोकेट**

पांकी विधानसभा क्षेत्र में बिहरा राजकीय मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। बघमरी जीरो उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को सालमदीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आबुन को उत्क्रमित मध्य विद्यालय जान्जो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केकरगढ़ में बने मतदान केंद्र को मध्य विद्यालय द्वारका में रीलोकेट किया गया है।

डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरता को राजकीय मध्य विद्यालय बिजका में रीलोकेट किया गया है। इसी विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तुरेर में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च), कुटकु उत्क्रमित मध्य विद्यालय में के मतदान केंद्र को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मदगड़ी (च), उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खटाई टोला, सनेया में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी च में रीलोकेट किया गया है।

छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनाग को प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद में उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उत्तरी भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापपुर के स्थान पर अब उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुदण्ड के उत्तरी भाग में मतदान होगा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबन्धा में बने मतदान केंद्र के स्थान पर अब उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदण्ड, दक्षिणी भाग में मतदान होगा।

## हुसैनाबाद में कई भवन पड़े हैं बेकार, देखने वाला कोई नहीं

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर के समीप सिंचाई विभाग, नगर विकास विभाग व भवन निर्माण विभाग के द्वारा कई बड़े भवनों का निर्माण कार्य किया गया हैं। किन्तु इसकी उचित देखरेख के अभाव में सभी भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गयीं हैं। वहीं सरकार को करोड़ों खर्च के बाद भी इसका उपयोग नहीं किया जा रहा हैं।सभी भवनों के बनें दस से पन्द्रह साल पुरानी है। इस पर बाहरी लोगों का कब्जा हैं। परंतु इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसके बाद भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यहां पलामू प्रमंडल के अलावा बिहार के लोगों का कब्जा है। वहीं हुसैनाबाद अधिसूचित क्षेत्र समिति के बाद वर्ष 2008 में नगर पंचायत बना था, और चुनाव के बाद उषा देवी पहली अध्यक्ष बनी थीं। तब से लेकर आजतक नगर पंचायत की सूरत तो नहीं बदली ,लेकिन कार्यालय जरूर बदलते गये। आज विवाह मंडप में कार्यालय चल रहा है। पहला कार्यालय बालिका प्लस टू विद्यालय के बगल में था,इसके बाद दूसरा टाउन हॉल के सामने अनुमंडल परिसर में, तीसरा पानी टंकी के समीप सामुदायिक भवन में और चौथा कार्यालय वर्तमान में हैदरनगर रोड मे स्थित विवाह मंडप भवन में चल रहा है।

## विधानसभा चुनाव के दौरान सभी बूथों पर होगी फर्स्ट एड की सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विधानसभा चुनाव के दौरान सभी बूथों पर फर्स्ट एड की सुविधा रहेगी, ताकि बूथों में मतदाता या मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो तो इसका इलाज तुरंत किया जा सके।

इसकी जानकारी बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान के दिन विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन विश्रामपुर, नावाबाजार, पांडू व उंटारी रोड प्रखंड के सभी 209 बूथों पर एक-एक स्वास्थ्य कर्मी के साथ फर्स्ट एड की सारी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसमें फर्स्ट एड में कटे- छीले के लिए कॉटन, बेंडेड, दवा, दर्द के लिए स्प्रे, बुखार, सर्दी, खांसी, बदन दर्द की दवा समेत अन्य सारी व्यवस्था रहेगी। ताकि बूथों पर आने वाले मतदाताओं के अलावा पुलिसकर्मियों व मतदान कर्मियों को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बताया कि चारों प्रखंड में ट्रामा सेंटर बनाया गया है। जहां चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। जो स्वास्थ्य व्यवस्था का मोनिटरिंग करेंगे। चुनाव को लेकर सभी केंद अगले तीन दिनों 12 नवंबर से 14 नवंबर तक खुला रहेंगे। किसी अनहोनी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सजगता दिखाई जा रही है।

साथ ही मतदान के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र सुबह से लेकर शाम हर हाल में खुला रहेगा और चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सीएचसी स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने स्तर टीम का गठन कर एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि ममता वाहन को भी एंबुलेंस के रूप में तीन दिनों तक कार्य लिए जाएंगे।

ताकि यदि किसी को जरूरत पड़े, तो स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। बताया कि क्षेत्र के सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य केंद्र को भी इसके लिए निर्देशित किया गया है कि चुनाव के दिन सभी अपना-अपना केंद्र खुला रखेंगे, जहां आपात स्थिति स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा सके।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोमवार को सिलिदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय- 2 मतदान केंद्र को सेक्टर मजिस्ट्रेट जयमंगल यादव ने निरीक्षण कर साफ-सफाई, समुचित पानी बिजली और शौचालय व्यवस्था का जायजा लिया और सभी बीएलओ को तत्तपरता से मतदान कर्मियों और मतदाताओं को मतदान कार्य में हरसंभव सहयोग का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ को सख्त निर्देश दिया की मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में किसी भी दल का कार्यकर्त्ता या मतदान कर चुके मतदाता इक्कठ्ठा नहीं होंगे। केंद्र के अगल बगल किसी भी प्रकार का कोई लावारिश सामान नहीं होना चाहिए। इस मौके पर बीएलओ उषा देवी, तारा देवी,शारदा देवी मौजूद थी। इस बार रमना प्रखंड अंतर्गत मतदान केन्द्रो को कुल आठ सेक्टर में बांटा गया है, जो अभी से ही मतदान के सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए हैं।

### बिहार के पूर्व सीएम तेजस्वी यादव ने बिश्रामपुर में किया चुनावी सभा, भाजपा पर बोला हमला

# सांप्रदायिक ताकतों का हराने के लिए एक जुट होकर राजद के पक्ष में करें मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड का विकास व तरक्की सामाजिक न्याय के साथ करना है तो भाजपा को हराना होगा। समाज में नफरत फैलाने वालों को नकारना होगा। सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए सभी जाती धर्म के लोगों को एकजुट हो कर राजद प्रत्यासी नरेश प्रसाद सिंह को जितना होगा। श्री यादव सोमवार को बिश्रामपुर नप मुख्यालय में राजद द्वारा आयोजित चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी को पहली बार राजद ने ही विधायक बनाया था। आखरी बार उन्हें राजद ही हराएगा। बस सब लोग एकजुट होकर 13 नवंबर को लालटेन का बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनावे। श्री यादव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने गरीबों के कल्याण हेतु कई महत्वाकांक्षी योजनाओं संचालित किया जा रहा है। मंईया योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपया जा रहा है। युवाओं को नौकरी, रोजगार और खाते में खटाखट टिपाया चाहिए तो दुबारा हेमंत सरकार बनाइए। मौके पर पार्टी प्रत्यासी नरेश प्रसाद सिंह, अधिवक्ता सुधीर सिंह पप्पू, सिराजुद्दीन अंसारी, सतेंद्र यादव, रमेश चोबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

# पलामू प्रमंडल में कांटे की टक्कर

**राणा अरूण सिंह**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में पलामू प्रमंडल की 9 सीटों पर इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 5 सीटों पर कब्जा किया था, जबकि कांग्रेस और अन्य ने 4 सीटें जीती थी। 2024 के चुनाव में एनडीए को इंडी गठबंधन और निर्दलीय उम्मीदवारों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भोंपू का शोर थम चुका है, और अब डोर-टू-डोर जनसंपर्क का दौर शुरू हो गया है। मतदाता क्षेत्र की समस्याओं और 5 साल का लेखा-जोखा के साथ चुपचाप स्थिति का अवलोकन कर रहे हैं, जिससे प्रत्याशियों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

**डालटनगंज विधानसभा : भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर**

डालटनगंज सीट से 24 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के आलोक चौरसिया और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी के बीच माना जा रहा है। 2019 में कांग्रेस केएन त्रिपाठी को 82,181 मत मिले थे, जबकि भाजपा के चौरसिया को 1,03,698 मत मिले थे, और उन्होंने 21,517 मतों से जीत दर्ज की थी। इस बार कांग्रेस अपने पूरे प्रयास में है, जबकि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय नेताओं के समर्थन से सीट बचाने की कोशिश कर रही है। निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप सिंह नामधारी भी चर्चा में हैं।

- **विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य मुद्दे**
- **पेयजल की समस्या, खस्ता सड़कें**

**पांकी विधानसभा: भाजपा के लिए सीट बचाने की चुनौती**

पांकी सीट पर 16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के कुशवाहा शशि भूषण मेहता सीट बचाने में लगे हुए हैं। 2019 में मेहता को 93,184 मत और दूसरे स्थान पर रहे देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को 55,994 मत मिले थे। इस बार लाल सूरज, जो भाजपा के सहयोगी थे, कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे हैं, जिससे मुकाबला और कठिन हो गया है।

- **सीमित सिंचाई संसाधन**
- **बुनियादी सुविधाओं की कमी**
- **पांकी को अनुमंडल बनाने का मुद्दा**

**छतरपुर विधानसभा : बहुकोणीय मुकाबले में मत विभाजन की संभावना**

छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा की पुष्पा देवी, कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर, सपा की ममता भुईयां, और राजद के विजय राम प्रमुख उम्मीदवार हैं। इंडी गठबंधन के भीतर के दोस्ताना संघर्ष से मत विभाजन की संभावना है, जो परिणाम को प्रभावित कर सकता है।

- **जर्जर सड़कें**
- **सीमित सिंचाई संसाधन**

**विश्रामपुर विस : चतुष्कोणीय मुकाबले में मतदाताओं की प्राथमिकता महत्वपूर्ण**

विश्रामपुर सीट पर 20 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी, राजद के नरेश प्रसाद सिंह, सपा की अंजू सिंह, और झारखंड युवा विकास पार्टी की जागृति दुबे मुख्य रूप से चर्चा में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यहां चुनाव चतुष्कोणीय है, और मतदाताओं की प्राथमिकताएं तय करेंगी कि कौन आगे निकलता है।

- **अधूरी सिंचाई परियोजनाएं**

**हुसैनाबाद विधानसभा : जातीय समीकरण और प्रत्याशियों की छवि का प्रभाव**

हुसैनाबाद सीट पर इस बार कई प्रत्याशी हैं, जिनमें भाजपा के कमलेश कुमार सिंह, निर्दलीय विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, राजद के संजय सिंह यादव और बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता शामिल हैं। जातीय समीकरण और प्रत्याशियों की व्यक्तिगत छवि भी यहां परिणाम को प्रभावित कर सकती है। इस चुनाव में भाजपा के दो बागी उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में विनोद कुमार सिंह और कर्नल संजय कुमार सिंह मैदान में हैं। इस क्षेत्र मेंजपला को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित करने की मांग प्रमुख हैं।

**गढ़वा विस : सपा प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह के मैदान में उतरने से समीकरणों पर असर**

गढ़वा विधानसभा से कई प्रत्याशी हैं, इनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के मिथिलेश ठाकुर, भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी, और सपा के गिरिनाथ सिंह चर्चा में हैं। सपा के गिरिनाथ सिंह के चुनाव में उतरने से इस क्षेत्र के चुनावी समीकरण बदल सकता है। 2019 में मिथिलेश ठाकुर को 1,06,189 मत मिले थे, जबकि सत्येंद्र नाथ तिवारी को 82,945 मत मिले थे।

- **पेयजल संकट**

**भवनाथपुर विधानसभा : भाजपा और झामुमो के बीच मुकाबला**

भवनाथपुर सीट से भाजपा के भानु प्रताप शाही और कांग्रेस के अनंत प्रताप देव प्रमुख प्रत्याशी हैं। 2019 के चुनाव में शाही को 96,881 मत मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं सोगरा बीवी को 56,914 मत मिले थे। इस बार सोगरा बीवी झामुमो प्रत्याशी का समर्थन कर रही हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

**लातेहार व मनिका विस : कांटे की टक्कर**

लातेहार और मनिका विधानसभा सीटों पर भी मुकाबला कांटे का बना हुआ है। यहां के मतदाता पिछले कार्यकाल की विकास योजनाओं का आकलन कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल के मतदाता अभी खामोश हैं और 13 नवंबर को मतदान के दौरान ही उनकी मंशा स्पष्ट होगी कि वह किस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ता की गाड़ी अज्ञात अपराधियों ने लगाई आग

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र के कुंद्रहे मोड़ पर अज्ञात अपराधियों ने विश्रामपुर से निर्दलीय प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के कार्यकर्ता आनंद विश्वकर्मा की कार में आग लगा दी। आनंद कांडी में जनसंपर्क कर पैतृक गांव बरडीहा से खाना खाकर रविवार रात 11.30 बजे मंझिआंव लौट रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार, बरडीहा के पास एक व्यक्ति ने हाथ देकर आनंद की गाड़ी को रोका। जैसे ही गाड़ी रुकी पीछे से 2 लोग और आ गए। आनंद विश्वकर्मा को जान से मारने और गाड़ी को आग लगाने की बात कहने लगे। तब आनंद जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर भाग निकले। बाद में अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी में आग लगा दी। सूचना मिलने पर तुरंत ब्रह्मदेव प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे और आनंद विश्वकर्मा के साथ इस तरह की साजिश की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि हमारे किसी भी कार्यकर्ता के साथ किसी भी प्रकार का कुछ भी होता है तो हम हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। चाहे हमें अपनी जान भी क्यों न देनी पड़ जाए।

## पेज एक के शेष

### जस्टिस संजीव खन्ना...

दिल्ली के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले जस्टिस खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस देव राज खन्ना के बेटे और सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख पूर्व जज एच आर खन्ना के भतीजे हैं। जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई 2025 तक यानी की कुल 6 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट में 18 जनवरी 2019 को जज के रूप में शपथ लेने के बाद वह 456 पीठ का हिस्सा रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 117 फैसले भी लिखे हैं।

### डोमिसाइल पॉलिसी और...

भूमि दस्तावेजों को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया में भाजपा सरकार द्वारा गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सत्ता में आने के बाद झामुमो इस प्रक्रिया में ग्राम सभा के सशक्त हस्तक्षेप को सुनिश्चित करेगी और गड़बड़ी करने वालों को दंड दिया जाएगा। आदिवासी हितों के संरक्षण का वादा करते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों और पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा। साथ ही भूमि अधिकार कानून बनाकर सभी स्थानीय भूमिहीन परिवारों को भूखंड उपलब्ध कराने का वादा भी झामुमो के घोषणा पत्र में है। भूमिहीन दलितों और विस्थापितों के जाति/आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण और सरकार बनने के छह महीने के अंदर सभी आवेदकों को प्रमाण पत्र देने का वादा भी घोषणा पत्र में है।

**सिंचाई योजनाओं की पुनर्समीक्षा होगी :** इसके अलावा घोषणा पत्र में सिंचाई योजनाओं की पुनर्समीक्षा, जलाशयों व डैम के पानी में झारखंड की अधिकाधिक हिस्सेदारी, विस्थापन की समस्या झेल रहे लोगों के लिए 'पुनर्वास आयोग', खासमहाल एवं गैर मजरुआ भूमि पर रह रहे रैयतों को रजिस्ट्री और लगान रसीद की सुविधा, रेल सुविधाओं का विस्तार, राज्य के हर पंचायत तक इंटरनेट का विस्तार, पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन, बेहतर सड़क निर्माण, नए प्रखंडों और अनुमंडलों का गठन, विचाराधीन बंदियों की रिहाई, प्रवासी मजदूरों के अधिकार और सम्मान के लिए संघर्ष, आदिवासी रेजिमेंट के गठन, किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण, मनरेगा श्रमिकों को न्यूनतम 350 रुपए प्रतिदिन का पारिश्रमिक, धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3,200 रुपए प्रति क्विंटल, वन उत्पादों के समर्थन मूल्य में 50 फीसदी तक की वृद्धि जैसे वादे भी किए गए हैं।

**हर 500 किलोमीटर पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस :** शिक्षा एवं रोजगार के लिए हर 500 किलोमीटर पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों के साथ-साथ प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज व हर अनुमंडल में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का वादा भी किया गया है। इसी तरह शिक्षक, उत्पाद सिपाही, सिपाही, लिपिक सहित अन्य प्रक्रियाधीन नियुक्तियों को ससमय पूरा करते हुए 45 हजार नौकरियां देने की बात कही गई है। महिलाओं के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सभी नियुक्तियों में 33 प्रतिशत आरक्षण, मंईयां सम्मान योजना के तहत हर महीने 2,500 रुपए की राशि, महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, ग्रामीण छात्रों तथा कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास आदि शामिल हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## छत्तीसगढ़, ओडिशा और प. बंगाल को फायर सर्विसेज अपग्रेडेशन के लिए 725 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक हाई-लेवल कमेटी ने तीन राज्यों, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिमी बंगाल, में फायर सर्विसेज के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 725.62 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। सोमवार को जारी हुए आधिकारिक बयान में सरकार द्वारा कहा गया कि कमेटी ने छत्तीसगढ़ के लिए 147.76 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इस हाई लेवल कमेटी में वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में फायर सर्विसेज के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत कुल 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, 2542.12 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 15 राज्यों के प्रस्तावों को पहले मंजूरी दी गई है। बयान में आगे कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'आपदा के प्रति मजबूत भारत' को साकार करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा कई कदम उठाए गए हैं।



## रूस की यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क पर नियंत्रण की तैयारी

**वाशिंगटन।** रूस ने यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क क्षेत्र में नियंत्रण की सामरिक तैयारी की है। अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों का दावा है कि रूस ने 50,000 सैनिकों को इकट्ठा किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस की सेना ने उत्तर कोरिया के सैनिकों सहित 50,000 सैनिकों की बड़ी टुकड़ी इकट्ठी की है। रूस कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा जब्त किए गए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के उद्देश्य से हमला शुरू करने की तैयारी कर रहा है। रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्से में काबिज होना चाहते हैं। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आने वाले दिनों में उत्तर कोरियाई सैनिकों से जुड़े ऐसे हमले की आशंका है।

## रूस का ट्रंप-पुतिन बातचीत से इनकार

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत की खबरों को 'कोरी कल्पना' करार देते हुए खारिज कर दिया। अमेरिकी मीडियो रिपोर्ट्स में दोनों नेताओं के बीच बातचीत का दावा किया गया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में मीडिया से कहा, कोई बातचीत नहीं हुई... यह पूरी तरह से झूठ है, यह कोरी कल्पना है।



# महाकुंभ 2025 : 24 घंटे अलर्ट मोड पर 220 हाईटेक डीप डाइवर

## एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को सुरक्षा की दृष्टि से सफल बनाने के लिए जल पुलिस, पीएसी, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के दौरान 220 हाईटेक डिप डाइवर समेत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं।

इसके चलते गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत देश के सबसे चुनिंदा जल पुलिस के जवान प्रयागराज में तैनात किए जा रहे हैं। स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई भी अनहोनी न होने पाए, इसके लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हाईटेक डीप डाइवरों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**180** डीप डाइवर्स की महाकुंभ के दौरान तैनाती गई है



### 220 डीप डाइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे

किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान 180 डीप डाइवर्स की तैनाती की गई है, जो देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आ रहे हैं, जबकि 39 डीप डाइवर्स पहले से ही यहां तैनात हैं। इस तरह कुल 220 डीप डाइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे। स्थानीय केवट भी सहयोग में रहेंगे जो बिना गैस सिलेंडर के भी 40 फीट गहराई तक जाने में सक्षम हैं। यही नहीं, स्नानार्थियों की मदद के लिए 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ भी तैनात की जा रही है जो किसी भी विषम परिस्थित से निपटने में सक्षम होगी।

# विश्व में हर वर्ष सड़क दुर्घटना में 10 लाख 35 हजार से ज्यादा मौतें, पांच करोड़ से ज्यादा होते हैं दुर्घटनाग्रस्त

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जारी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष दस लाख पैंतीस हजार से ज़्यादा मौतें होती हैं,पांच करोड़ से ज़्यादा लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं, दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौत में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं जबकि भारत में वर्ष 2018 में करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। विश्व भर में सड़क दुर्घटनाओं के कारण हर 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत होती है जबकि भारत में 18-45 आयु वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौत पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और दुपहिया सवारों की होती है। वर्ष 2017 में तमिलनाडु में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं, पर दुर्घटनाओं मारे गए लोगों की संख्या उप्र में सबसे अधिक थी। विश्व सड़क सांख्यिकी के अनुसार, 2018 में सड़क दुर्घटना से होने वाली मौत की संख्या में भारत दुनिया में पहले स्थान पर था। इसके बाद चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका का नंबर आता है। वहीं वेनेजुएला में प्रति एक लाख जनसंख्या पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या डराने वाली है।केंद्र सरकार के अनुसार देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत तय सीमा से ज़्यादा रफ्तार व यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं जिसके दुपहिया वाहनों और पैदल चलने वाले सबसे अधिक शिकार होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सड़क यातायात में भारत में सड़क यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन केवल सड़कों को विस्तृत करने तक सीमित है, जिसके कारण कई बार सड़कों और राजमार्गों पर 'ब्लैक स्पाट' बन जाते हैं। ये वह स्थान होते हैं, जहां सड़क दुर्घटना की संभावना सबसे ज़्यादा रहती है। सड़क हादसों के कारण होने वाली 80 प्रतिशत मौत के लिए वाहन चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। 2022 में देश में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,68,491 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 4,43,366 लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में लगभग 68 प्रतिशत मौतें ग्रामीण क्षेत्रों मां हुईं, जबकि कुल मौतों में शहरी क्षेत्रों का हिस्सा 32 प्रतिशत रहा। कुल दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। कार, जीप व टैक्सी सहित हल्के वाहन दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, कुल मृत्यु के मामलों में दुपहिया सवारों की संख्या सबसे अधिक (44.5 प्रतिशत ) थी। सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं तमिलनाडु में 13.9 प्रतिशत 11.8 प्रतिशत मध्यप्रदेश और सबसे ज़्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में 13.4 प्रतिशत हुईं।



**54%** पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों व दुपहिया सवारों की होती है मौत

- विश्व में सड़क दुर्घटना में हर 23 सेकंड में एक मौत

### 2030 तक सड़क दुर्घटनाएं 50% कम करने का लक्ष्य

वैश्विक स्तर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित पहल के तहत साल 2015 में ब्रासीलिया घोषणा पत्र लागू किया गया था। इस घोषणा पर ब्राजील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च-स्तरीय सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर करने वाले सभी देशों ने परिवहन के अधिक स्थायी साधनों जैसे पैदल चलना, साइकिल चलाना और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए परिवहन नीतियों के निर्माण पर जोर दिया। भारत भी इस घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है। इसके तहत सभी देशों की योजना सतत विकास लक्ष्य 3.6 यानी वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौत की संख्या को आधा करने की है। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2030 तक कम से कम 50 प्रतिशत सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौत को रोकने के लक्ष्य के साथ वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार संकल्प को अपनाया है। तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार अपने स्तर पर काफी प्रयास कर रही है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

#### हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाए। हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, क्योंकि ज़्यादातर सड़क दुर्घटनाएं इनका प्रयोग न करने से होती हैं। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। वहीं दुर्घटना के बाद तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना व पीड़ित को जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 2.67 करोड़ का सोना जब्त दो कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक ऑपरेशन में लगभग 2.67 करोड़ रुपये मूल्य का साढ़े तीन किलो सोना जब्त किया है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने एयरपोर्ट पर काम करने वाले दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर अबू धाबी से मुंबई आए विमान से तस्करी का सोना सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रही एक महिला कर्मचारी को रोका गया। उस महिला कर्मचारी की तलाश लेने पर उसके पास से 3350 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद हुआ। इसके बाद महिला से पूछताछ के बाद इस मामले में एक अन्य कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने बताया कि उन्हें यह सोना एयरपोर्ट के बाहर सुरक्षित पहुंचाना था, जहां से कोई तस्कर उनसे यह सोना लेने वाला था। डीआरआई की टीम इस मामले में असली तस्कर की तलाश कर रही है।

# एजुकेशन/करियर

बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एक 3 साल से 4 साल का अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है जो पूरी तरह से छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए है जिसके जरिए वे वैश्विक कंपनियों के साथ काम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सभी बारीकियों, दुनिया भर में उत्पादों को खरीदने, मार्केटिंग करने के साथ-साथ सेलिंग की मूल अवधारणाओं से अवगत कराना है। यह स्पष्ट रूप से इंटरनेशनल बिजनेस कार्यक्रमों के कॉन्सेप्ट्स और सांस्कृतिक विविधता के साथ व्यापार के अंतर्संबंध पर केंद्रित है। इंटरनेशनल बिजनेस में वे सभी व्यावसायिक गतिविधियाँ शामिल हैं, जो राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के पार माल, सेवाओं, संसाधनों, विचारों और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर को बढ़ावा देने के लिए होती हैं। इस कोर्स में छात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न पहलुओं जैसे ग्लोबल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, इंटरनेशनल बिजनेस प्रोग्राम, खरीदने और बेचने की अवधारणा आदि के बारे में जानेंगे। छात्रों को व्यापार और व्यवसाय दोनों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में शामिल अध्ययन के मुख्य विषय इंटरनेशनल मार्केटिंग, क्रॉस कल्चरल मुद्दों का प्रबंधन, ग्लोबल सप्लाई चेन मैनेजमेंट आदि हैं।

# बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस में बना सकते हैं अपना करियर

## बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस का अध्ययन क्यों करें

*हालांकि इस कोर्स को करने के लिए कई उम्मीदवारों की अलग-अलग महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन कुछ लोकप्रिय कारण हैं कि कई लोग इस कोर्स को चुनते हैं-*

- **अवसर:** ग्रेजुएट होने के बाद उम्मीदवारों के पास आमतौर पर उच्च-भुगतान वाली नौकरियों के अवसर हैं।
- **करियर के अवसर:** बढ़ती वैश्वीकरण दर के कारण, उम्मीदवारों के लिए मैनेजमेंट से लेकर सरकारी संगठनों सहित कई क्षेत्रों में नौकरी के उच्च अवसर हैं।
- **अच्छा वेतन:** इन नौकरियों की जटिलता और आवश्यक कौशल के कारण ग्रेजुएट्स कई भारी वेतन पैकेज प्राप्त करते हैं।
- **रिसर्च संभावनाएं:** उम्मीदवार इंटरनेशनल बिजनेस के रिसर्च जारी रखते हुए अकादमिक क्षेत्र में अपना करियर भी बना सकते हैं।

### टॉप एम्प्लॉयमेंट सेक्टर

- रसद कंपनियां
- निर्यात घर
- कस्टम क्लियरिंग हाउस
- व्यापारी
- विशेष आर्थिक क्षेत्र
- राज्य व्यापार निगम
- परिवहन निगम
- नौवहन कंपनियाँ
- आईटी कंपनियां
- बैंक



### एंट्रेंस एग्जाम

यूजीएटी | एनपीएटी | एयूएमएटी | आईएमएटी | एफईएफटी



### बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

*जो छात्र भारत में इस कोर्स को करने के इच्छुक हैं, उनके लिए यहां टॉप कॉलेज दिए गए हैं –*

- एलायंस यूनिवर्सिटी,
- बैंगलोर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- एलपीयू, जालंधर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, मैसूर
- बीवीडीयू, पुणे
- मैनेजमेंट स्कूल, डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- डीवाई पाटिल
- विश्वविद्यालय, मुंबई
- अजिंक्य डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे
- मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद
- पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा
- जीडी गोयनका विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर

## बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस के बाद करियर और वेतन

*बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एक बहु-विषयक कोर्स होने के नाते, बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस आकर्षक करियर के अवसर प्रदान कर रहा है। आइए समझते हैं कि यदि आपके पास बीबीए इंटरनेशनल व्यवसाय है तो आप कौन से अत्याधुनिक जॉब प्रोफाइल का लाभ उठा सकते हैं-*

- इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
- इंटरनेशनल ट्रेनिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल ऑपरेशन मैनेजर
- ग्लोबल डिस्ट्रिब्यूशन मैनेजर
- अकाउंटेंट एक्सक्यूटिव
- असिस्टेंट इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजर
- इंटरनेशनल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव
- इंपोर्ट/एक्सपोर्ट एजेंट
- इंटरनेशनल बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर।
- •इंटरनेशनल फाइनेंस मैनेजर
- इंटरनेशनल लॉजिस्टिक मैनेजर
- इंटरनेशनल बिजनेस एडवाइजर

